● जयपुर, मंगलवार, 17 सितंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 33 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कद़म

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

**सुविचार**

“सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।”

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 आगरा छावनी - बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग...

पेज @4 जग जाहिर हिंदी समाचार पत्र का 12वां स्थापना दिवस...

पेज @8 बारां में जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का निकला जुलूस,नबी की शान में कलाम ...

# जम्मू-कश्मीर में दो प्रधान, दो निशान, दो झंडे अब कभी नहीं हो सकते : अमित शाह

**पद्देर नागसेनी/एजेंसी।**



जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक उठा पटक जारी है। पार्टियां राज्य में होने वाले चुनावों में जीत के लिए विपक्षी पार्टियों पर हमलावर हैं। इसी क्रम में जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के पद्देर नागसेनी शहर में गृहमंत्री अमित शाह ने एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर करारा निशाना साधा। उन्होंने कहा, अब जम्मू-कश्मीर में दो प्रधान, दो निशान, दो झंडे कभी नहीं हो सकते। झंडा एक ही हमारा प्यारा तिरंगा होगा।

इसके बाद उन्होंने पहाड़ी आरक्षण पर कहा, वह कह रहे है कि अगर हमारी सरकार आई तो हम आरक्षण पर पुनर्विचार करेगें। आप उनके झांसे में मत आइए, उनकी सरकार आई तो वह आरक्षण पर पुनर्विचार नहीं, बल्कि उसे हटा देंगे। जब पहाड़ियों को आरक्षण देने की बात आई तो उन्होंने गुर्जरों को उकसाने का काम किया कि पहाड़ियों को आरक्षण मिलेगा, तो गुर्जरों का आरक्षण जाएगा। हमने गुर्जर भाइयों से वादा किया था कि पहाड़ियों को आरक्षण तो जरूर मिलेगा, लेकिन गुर्जर भाइयों का आरक्षण बिल्कुल भी कम नहीं होगा। आज गुर्जरों का आरक्षण जस का तस रख कर पहाड़ियों को आरक्षण देने का काम नरेंद्र मोदी सरकार ने किया है। पहाड़ पर बसे मैं सभी अभिभावकों को कहने आया हूं कि वो दिन अब लद गए, जब आपके बच्चों को ग्रेजुएशन में एडमिशन नहीं मिलता था। अब आपके बच्चे कलेक्टर और एसपी बनकर देश भर में काम करेंगे। यह अधिकार आपको नरेंद्र मोदी सरकार ने दिया है।

उन्होंने कहा, हमने देश में विभाजन के दिन भी देखे और घाटी में 1990 में आतंकवाद के दिन भी देखे। चंद्रकांत शर्मा हों या परिहार बंधु हों, इन सभी लोगों ने कुर्बानियां दी हैं। आज मैं इस क्षेत्र के सभी भाइयों को याद करते हुए आपसे वादा करता हूं कि आतंकवाद को इतने नीचे दफन करेंगे कि वह कभी बाहर नहीं आएगा।

**योगी का बड़ा बयान :**

## केवल मुरली से काम नहीं चलेगा, सुरक्षा के लिए सुदर्शन भी

**लखनऊ/एजेंसी**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केवल प्रेम और शांति के प्रतीक मुरली से काम नहीं चलेगा, बल्कि सुरक्षा के लिए सुदर्शन चक्र भी जरूरी है। योगी का यह बयान संकेत देता है कि सुरक्षा और शांति एक साथ चलने चाहिए, और इसके लिए सख्त कदम उठाने की भी आवश्यकता होती है।

उत्तर प्रदेश सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा केवल मुरली से काम नहीं चलेगा, बल्कि सुरक्षा के लिए सुदर्शन भी आवश्यक है। यूपी में डबल इंजन की सरकार आई, सुरक्षा का माहौल मिला... दंगाइयों के लिए बुलडोजर भी दिया गया और साथ ही साथ भक्तों के लिए राम मंदिर का निर्माण भी कराया गया।

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिद्धेश्वरी मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए और हिंदू धर्म के स्कूल वेद विद्यालय की आधारशिला रखी।

## राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को देंगे 11 लाख का इनाम

**शिवसेना विधायक के ऐलान से गरमाई सियासत**

**नई दिल्ली/एजेंसी।**



शिवसेना(शिंदे गुट) के विधायक संजय गायकवाड ने राहुल गांधी के लिए विवादित बयान दिया। एक सार्वजनिक सभा में आरक्षण के मुद्दे पर बोलेते हुए गायकवाड ने राहुल गांधी का जीभ काटने वाले को 11 लाख इनाम देने का ऐलान कर दिया। शिवसेना विधायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने कहा कि संविधान खतरे में है। ऐसा फेक नरेटिव फैलाकर लोगों का वोट लिया और आज आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं। वे आज पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं। राहुल ने जो ये भाषा बोली है कि आरक्षण खत्म करेंगे। मैं कहता हूं जो राहुल की जीभ काटेगा मैं उसे 11 लाख दूंगा। राहुल गांधी पिछड़ों, आदिवासियों और अन्य लोगों का 100 फीसदी आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। आरक्षण खत्म करने की मन की बात उनके जुबान पर आ गई। कांग्रेस का असली चेहरा सामने आ गया। उन्होंने कहा कि मेरा ये बयान मेरी प्रसिद्धी के लिए नहीं है। हम पिछड़े वर्गों और ओबीसी की दुर्दशा देख रहे हैं। आज हमें उस समाज को अपने साथ लाने की जरूरत है। उनके दुखों को देखते हुए मैंने यह बयान दिया है।

इसी के साथ आपको ये भी बता दें कि संजय गायकवाड़ से पहले केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने राहुल गांधी पर हमला बोला था। उन्होंने राहुल को आतंकवादी बताया है। बिट्टू ने कहा कि राहुल गांधी देश के नंबर वन आतंकवादी हैं। राहुल गांधी को अपने देश के साथ ज्यादा प्यार नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तो पहले वो हिंदुस्तानी नहीं है। ज्यादा समय उन्होंने देश के बाहर बिताया है। वो बाहर जाकर हर चीज उलटा-पुलटा बोलते हैं। देश की सुरक्षा एजेंसी इसे गिरफ्तार कर जांच करें।

**न्यूज़ अपडेट**

## कर्नाटक के बेलगाम में 8 वाहनों के बीच टक्कर, चार की मौत छह घायल

**बेलगाम/एजेंसी।** कर्नाटक के बेलगाम में भीषण सड़क हादसा हुआ। जहां निप्पानी स्थवनिधि घाट के पास 8 वाहन एक के बाद एक टकराते चले गए। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 6 की हालत गंभीर बताई गई।

मृतकों में दो बाइक सवार और दो कार सवार लोग शामिल थे। घटनास्थल की तस्वीरें सामने आई हैं। जिसमें टैंकर के नीचे कार बुरी तरह फंसी हुई देखी जा सकती है। कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त दिख रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे की वक्त चीख पुकार मच गई। कुछ पलों में ही सिलसिलेवार तरीके से वाहन टकराते चले गए। तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस के मुताबिक कंटेनर वाहन के चालक की लापरवाही से तीन कार, दो लॉरी, एक कंटेनर और बाइक चपेट में आ गई। निप्पानी के अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। यह मामला निप्पानी शहर थाना क्षेत्र का है। जान गंवाने वाले लोगों की पहचान संतोष गणपति माने, रेखा गादीवद्दर, जबीन मनकादरा और दिलादारा मुल्ला के रूप में हुई है। मृत गणपति और रेखा बाइकर्स थे, वहीं जबीन और दिलादारा वैगनार के यात्री थे।

# मजदूरों को ले जा रही जीप ट्रक में घुसी, 9 की मौत, कई घायल

**सिरोही/एजेंसी।**

राजस्थान के सिरोही जिले में रविवार की देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 15 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा गया। जबकि दो गंभीर रूप से घायलों को उदयपुर अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक मजदूरों को लेकर आ रही एक जीप ने रॉन्ग साइड से जाकर ट्रक में सामने से टक्कर मार दी। ये सभी लोग पाली जिले में मजदूरी करने जा रहे थे। इसी दौरान ये हादसा हो गया।

यह पूरा मामला पिंपवाड़ा थाना क्षेत्र के कांटल के पास का बताया जा रहा है। यहां ट्रक और जीप में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 15 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में दो लोगों की हालत ज्यादा गंभीर होने की वजह से उन्हें उदयपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का सिरोही अस्पताल में ही इलाज किया जा रहा है। सभी लोग उदयपुर जिले के ओगणा थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। इस हादसे में जीप के ड्राइवर और ठेकेदार की भी मौत हो गई है।



## काल बनकर आए पिकअप ने सड×क किनारे बैठे लोगों को कुचला, 4 की मौत-5 घायल

**संभल/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले से सोमवार को एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। संभल के रजपुरा थाना क्षेत्र में सुबह सड×क के किनारे बैठे लोगों को एक पिकअप ने कुचल दिया है। हादसा इतना जबरदस्त था कि 4 लोगों की मौत हो गई और 5 अन्य लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहंची और घायलों के प्राथिमक उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया गया। पिकअप वाहन के चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इस मामले पर क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया है कि सुबह करीब छह बजे थाना रजपुरा क्षेत्र में भोपतपुर ग्राम के कुछ लोग सड×क किनारे बैठे थे।

**हरियाणा की राजनीति में भूचाल**

# सिरसा में भाजपा प्रत्याशी ने उम्मीदवारी से नाम वापस लिया

**सिरसा/एजेंसी।**

हरियाणा की राजनीति में सोमवार को उस समय नया मोड़ आ गया, जब सिरसा में भाजपा के प्रत्याशी रोहताश जांगड़ा ने नामांकन वापस लेने का फैसला कर लिया और निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पहुंचकर नाम वापस ले लिया। इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल भाजपा के भीतर हलचल मचा दी है, बल्कि जांगड़ा के समर्थन में और खिलाफ भी प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि रोहिताश्व जांगड़ा ने यह कदम पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के इशारे पर उठाया है। भाजपा के मैदान से हटने के बाद अब यहां हलोपा के प्रत्याशी गोपाल कांडा की स्थिति मजबूत हो गई है, क्योंकि अब यहां सीधी टक्कर होगी।

**● अंदर की बात गोपाल कांडा को भाजपा के समर्थन में लाने की कोशिश:**

सिरसा सीट पर हालांकि गोपाल कांडा और इनेलो का गठबंधन है। इसलिए भाजपा को आशंका थी कि कहीं चुनाव जीतने के बाद सरकार गठन के समय कहीं गोपाल कांडा पाला बदलकर कांग्रेस की तरफ न चले जाएं। इसलिए भाजपा के पूर्व सीएम मनोहर लाल ने तुरुप का पत्ता चलते हुए अपने प्रत्याशी को मैदान से हटा लिया। उम्मीद की जा रही है कि ऐसे में भाजपा अपने करीब 10,000 वोट गोपाल कांडा को ट्रांसफर करवा सकती है। कांडा का यहां जानधार है। क्योंकि पिछला चुनाव वे 603 वोट से ही जीत पाए थे। इसलिए उनकी स्थिति काफी मजबूत हो गई है।

कांग्रेस ने यहां से पूर्व विधायक और प्रभावशाली नेता लक्ष्मण दास अरोड़ा के नाती गोकुल सेतिया को टिकट दिया है। जांगड़ा के नामांकन वापस लेने से सुथार समाज में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। इस समाज के कई लोग जांगड़ा को समर्थन दे रहे थे। लेकिन उनकी उम्मीदें अब धुल गई हैं। इस मुद्दे को लेकर समाज के भीतर विरोध प्रदर्शन और असंतोष की लहर भी उठ सकती है। इस घटनाक्रम ने सिरसा की राजनीति में एक नई हलचल पैदा कर दी है, और आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा इस स्थिति को कैसे संभालती है और क्या नए उम्मीदवार की घोषणा के बाद पार्टी के भीतर की स्थिति सामान्य हो पाती है।

## यूपी के 20 जिलों में बाढ़, 2000 मंदिर डूबे, सडकों पर हो रहे मृतकों के अंतिम संस्कार

**लखनऊ/एजेंसी।**

यूपी के 20 जिलों में बाढ़ के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण यूपी में नदियां उफान पर हैं। गंगा, यमुना, शारदा और घाघरा का जलस्तर बढने् से 20 जिलों के 400 से ज्यादा गांवों में बाढ़ आ गई। वहीं काशी में करीब 2000 मंदिर डूब गए है। बाढ़ के कारण श्मशान घाट में पानी आ चुका है। जिस कारण प्रयागराज में सड×कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा। वाराणसी में घाट किनारे बसी कॉलोनियों में पानी भर गया। लोग अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा रहे। अब तक 25000 लोग जा चुके हैं। 85 घाट और 2000 छोटे-बड़े मंदिर गंगा में डूब गए। बस्ती में सरयू में बाढ़ के चलते एक मकान नदी में समा गया। झांसी में सरकारी गोदाम के अंदर बारिश का पानी भरने से 5 करोड़ रुपए का अनाज सड़ गया। पीलीभीत में पानी के तेज बहाव में बाइक सवार 2 युवक बह गए।



# केजरीवाल के इस्तीफे पर अन्ना हजारे बोले- राजनीति में जाने के लिए मैंने मना किया था

**नई दिल्ली/एजेंसी।**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं के बीच बड़ा ऐलान किया। रविवार को कहा कि वो दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा दे देंगे। इस पर सियासी दलों ने तो अपनी राय जाहिर की ही है समाज सेवी अन्ना हजारे ने भी प्रतिक्रिया दी है।

सीएम केजरीवाल के इस फैसले को लेकर समाजसेवी अन्ना हजारे ने कहा कि, मैंने पहले ही अरविंद केजरीवाल को बताया था कि राजनीति में नहीं जाना, समाज की सेवा करना। इसी से तुम बड़े आदमी बन जाओगे। कई साल हम लोग साथ में रहे, उस वक्त मैं बार-बार कह रहा था कि राजनीति में नहीं जाना। समाज सेवा अपने जीवन में आनंद देती है। मैं आनंद में डूबे रहने वाला व्यक्ति हूं। आज जो होना था वो हो गया। उनके दिल में क्या है, मैं क्या जानता हूं।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता उदित राज ने सीएम केजरीवाल की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, इस पर कांग्रेस पार्टी जवाब तो नहीं देगी, उनकी पार्टी का यह आंतरिक मामला है कि वो इस्तीफा देंगे कि मुख्यमंत्री बने रहेंगे। मेरा मानना है कि इस कदम के पीछे सहानुभूति के आधार पर वोट लेना है। उनकी अपनी रणनीति है कि वो क्यों इस्तीफा दे रहे हैं। इस्तीफा देना था, तो जब जेल जा रहे थे, उसी समय दे देना चाहिए था। अब इस समय इस्तीफे की पेशकश कर रहे हैं तो जरूर कोई बात होगी। दिल्ली से भाजपा सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने कहा कि, केजरीवाल ने इस्तीफा सुप्रीम कोर्ट के दबाव में देने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट ने जो शर्त लगाई है, उसने केजरीवाल के हाथ पांव सारे बांध दिए गए हैं। अब वह सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाएंगे और खुद शीश महल का आनंद लेंगे। दिल्ली की जनता केजरीवाल के नाटक को जान चुकी है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने (रविवार, 15 सितंबर) पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए कहा था, मैं जब जेल में था तो भाजपा वालों ने पूछा कि केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा क्यों नहीं दिया। मैं आपसे पूछने आया हूं कि आप केजरीवाल को ईमानदार मानते हो कि गुनहगार मानते हो? दो दिन के बाद मैं सीएम पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। मैं तब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला न सुना दे। आप अपना फैसला सुनाओगे, तब मैं उस कुर्सी पर बैठूंगा।

# नव्य-भव्य भारत के शिल्पकार नरेंद्र मोदी

भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। वह ऋद्धि-सिद्धि के जनक हैं। विश्वकर्मा के गुणों को अपने जीवन में धारण करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नव्य, भव्य व दिव्य भारत का शिल्पकार कहा जाय तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। इस बार नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर के दिन ही शिल्प कलाधिपति विश्वकर्मा की जयंती है। विश्वकर्मा जयंती को उत्पादन-वृद्धि और समृद्धि के लिए एक संकल्प दिवस के रूप में समाज मनाता है। मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। राजनीति में मोदी जैसे व्यक्तित्व बिरले होते हैं क्योंकि उनके व्यवहार और कृतित्व में अंतर नहीं है। सो, उनकी लोकप्रियता भारत ही नहीं विश्व में दिनोंदिन बढ़ रही है। मोदी युग में ही भाजपा विश्व की सबसे पार्टी बनी। लगातार तीसरी बार उनके नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनना उनकी लोकप्रियता का सबसे बड़ा प्रमाण है। लिहाजा, इस दौर में उनके समकक्ष भारत क्या दुनिया में कोई राजनेता खड़ा दिखाई नहीं देता है।

मोदी ने देश से मुस्लिम तुष्टीकरण और वंशवादी राजनीति को खत्म करने का कार्य किया है। वे स्वच्छता, सेवा व सामाजिक समरसता के अग्रदूत हैं। उन्होंने स्वच्छता को जनांदोलन बनाया। स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से घर-घर शौचालय का निर्माण व गरीबों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं शुरू की हैं। आजादी के बाद किसी सरकार ने कारीगरों की सुध नहीं ली थी। कारीगरों की कला को सम्मान दिलाने और उनके उत्थान के लिए मोदी ने विश्वकर्मा योजना प्रारम्भ की। राजनीति में प्रायः फिसलन का खतरा अधिक रहता है। इसलिए नेताओं में प्रायः संस्कारों में गिरावट एवं व्यक्तिगत दुर्बलताओं को प्रोत्साहन अधिक मिलता है किंतु मोदी के जीवन में देखेंगे तो हिन्दू आदर्शों और संस्कृति के प्रति वह अटूट श्रद्धा व सम्मान का भाव रखते हैं। हिन्दू समाज को जिस भव्य दिव्य राममंदिर की शताब्दियों से प्रतीक्षा थी उस स्थल पर आज भव्य मंदिर का निर्माण पूर्णता की ओर है। अबूधाबी में मोदी के हाथों हिन्दू मंदिर का उद्घाटन भारत के सामर्थ्य का परिचायक है। नरेंद्र मोदी विश्व में हिन्दुत्व की विजय पताका को फहराने का काम कर रहे हैं। भारतीय इतिहास, दर्शन, समाजनीति, अर्थनीति, राजनीति व संगठन शास्त्र पर उनकी अच्छी पकड़ है।

संघ का स्वयंसेवक और प्रचारक कैसा होता है, लोग नरेंद्र मोदी का आचरण देखकर सहज अनुमान लगा सकते हैं। राजनीति में कद व पद के साथ-साथ प्रचार का भी बड़ा महत्व होता है किन्तु यदि प्रचार नेताओं के जीवन व आचरण से मेल नहीं खाता तो इससे लाभ के बजाय हानि होने की संभावना अधिक रहती है। नरेन्द्र मोदी अपनी राजनैतिक प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। उनकी कथनी व करनी में कोई भेद नहीं है। कार्य के प्रति निष्ठा और परिश्रम की पराकाष्ठा के साथ-साथ चुनौतियों को अवसर के रूप में लेना उनकी फितरत है। यही कारण रहा कि विपक्ष ने जब भी उनके ऊपर कोई आरोप लगाया उन्होंने उसे हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। मोदी ने विश्व में भारत की साख बढ़ायी है। बहुत से ऐसे देशों में भी वह गये जहां अभी तक भारत का कोई प्रधानमंत्री गया ही नहीं था। उन देशों में जाकर मोदी भारत के संबंधों को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इस समय पूरी दुनिया की निगाहें भारत की ओर हैं। रूस-यूक्रन युद्ध पर अमेरिका ने कहा कि भारत चाहे तो युद्ध रुक सकता है। अमेरिका ने ऐसे ही नहीं कहा है। भारत शांति वार्ता की मध्यस्थता करे, यह रूस व यूक्रेन दोनों देश चाहते हैं। भारत की यह साख व विश्व के अन्य देशों का विश्ववास जीतने का काम मोदी ने किया है। पहले कश्मीर में सरेआम तिरंगा जलाया जाता था और सैनिकों पर पत्थरबाजी होती थी।

आज कश्मीर में तिरंगा लहराया जा रहा है। तीन तलाक, एनआरसी और जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म कर केन्द्र शासित प्रदेश बनाना आसान काम नहीं था। आज पूरा देश जब पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी समारोह के माध्यम से उनके किये गये कार्यों का पुण्यस्मरण कर रहा है तो नरेन्द्र मोदी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, विन्ध्याचल कारिडोर, चारधाम परियोजना के साथ-साथ देश के अनेक तीर्थस्थलों का जीर्णोर्मंदिर कर सांस्कृतिक उत्थान कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जिस एकात्ममानववाद की बात की थी उस परिकल्पना को साकार करने का काम मोदी कर रहे हैं। उज्जवला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, अन्त्योदय अन्न योजना और किसान सम्मान निधि जैसे तमाम सरकारी योजनाओं के माध्यम से नरेंद्र मोदी ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर को उठाने का काम किया है। केंद्र सरकार की ये योजनाएं निचले स्तर तक बिना भेदभाव के हिन्दू हों या मुस्लिम सबको इसका लाभ मिला है। नरेंद्र मोदी का बचपन संघर्षों में बीता इसलिए गरीबी क्या होती है उन्हें बताने की जरूरत नहीं है। मोदी ने ग्रामीण विकास पर फोकस करते हुए गांवों में शहरों जैसी सुविधाएं पहुंचाने का काम किया। उन्होंने वंचित वर्ग में प्रेरणा जगाकर उनमें ऊपर उठने की ललक जगाई है। नरेन्द्र मोदी स्वर्णिम भारत के निमार्ता हैं। वह आमजन के सपनों और आकांक्षाओं के लिए आशा की किरण बन गए हैं। सबका साथ सबका विकास के बाद सबका विश्वास जीतने में वह सफल हुए हैं। नरेंद्र मोदी कठोर प्रशासक और कड़े अनुशासन के आग्रही हैं, लेकिन वे मृदुता एवं करुणा के लिए भी जाने जाते हैं। मोदी को मितव्ययी और मिताहारी के तौर पर जाना जाता है।

# भगवान विष्णु की अनंत शक्ति और उनकी निरंतरता की प्रतीक है अनंत पूजा



जितेन्द्र कुमार सिन्हा



भगवान विष्णु की अनन्त शक्ति और उनकी निरंतरता का प्रतीक माना जाता है अनन्त चतुर्दशी। अनन्त शब्द का अर्थ होता है 'जिसका कोई अंत न हो'। अनन्त चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु को अनन्त स्वरूप में पूजा जाता है। अनन्त का यह भी अर्थ है कि जो कभी भी अस्त ना हो, जो कभी भी समाप्त न हो और चतुर्दशी का अर्थ है चैतन्य रूपी शक्ति। इस व्रत को करने से जीवन में आने वाली कठिनाइयों और दुखों का निवारण होता है। अनन्त चतुर्दशी का व्रत भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को हर वर्ष अनन्त चतुर्दशी मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस वर्ष 16 सितंबर को 3 बजकर 10 मिनट पर चतुर्दशी तिथि की शुरुआत होगी और अगले दिन 17 सितंबर को 11 बजकर 44 मिनट पर यह समाप्त हो जाएगा। उदया तिथि के अनुसार, 17 सितंबर को अनन्त चतुर्दशी की पूजा की जाएगी। अनन्त चतुर्दशी के संबंध में मान्यता है कि महाभारत काल से अनन्त चतुर्दशी व्रत की शुरुआत हुई है। अनन्त भगवान ने सृष्टि के आरंभ में चौदह लोकों तल, अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, पाताल, भू, भुवः, स्वः, जन, तप, सत्य और मह की रचना की थी। इन लोकों का पालन और रक्षा करने के लिए वह स्वयं भी चौदह रूपों में प्रकट हुए थे, जिससे वे अनन्त प्रतीत होने लगे। अनन्त की पूजा में 14 गांठ होते हैं। अनन्त पीले, लाल रेशमी धागे या लाल + पीला मिलाकर बनाया जाता है और इसकी पूजा की जाती है। पूजा के पश्चात पुरुष दाएं तथा स्त्रियां बाएं हाथ में बाँधती है। चतुर्दशी पूर्णिमा युक्त होने पर विशेष लाभदायक होती है। इस व्रत की शुरुआत यदि कोई व्यक्ति बताता है तब किया जाता है या फिर अनन्त का धागा आसानी से मिलने पर किया जाता है और फिर यह व्रत उस कुल (खानदान) में चालू रहता है। मान्यता है कि अनन्त व्रत के धागे के 14 गांठों का महत्त्व है मनुष्य शरीर में 14 प्रमुख ग्रंथियां। इस ग्रंथि के प्रतीक स्वरूप धागे में 14 गांठें रहती हैं। प्रत्येक ग्रंथि के विशिष्ट देवता रहते हैं। इन देवताओं का इन गांठों पर आवाहन किया जाता है। धागों का बल (मरोड़) शरीर से एक ग्रंथि से दूसरे ग्रंथि तक प्रवाहित होने वाली क्रिया शक्ति रुपी चैतन्यता के प्रवाह का प्रतीक है। 14 गांठों वाले धागे को मंत्र की सहायता से प्रतीकात्मक रूप से पूजा करके ब्रह्मांड के श्री विष्णु रूपी क्रिया शक्ति के तत्व की धागे में स्थापना करके ऐसी क्रिया शक्ति से और उसको भारित कर वह धागा बाजू में बांधने से देह पूर्णता शक्ति से भारित हो जाता है। इस कारण चेतना के प्रवाह को गति मिल कर देह का कार्य बल बढ़ने में सहायता मिलती है। अनन्त चतुर्दशी का व्रत भगवान विष्णु को प्रसन्न करने और अनन्त फल देने वाला माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने के साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र का पाठ करता है, तो उसकी समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। इसलिए लोग धन-धान्य, सुख-संपदा और संतान आदि की कामना से यह व्रत करते है। पुराणों मे इस व्रत को करने का विधान नदी या सरोवर पर उत्तम माना गया है। परंतु आज के आधुनिक युग में यह सम्भव नहीं होता है, इसलिए घर में ही पूजा स्थान पर शुद्धिकरण करके अनन्त भगवान की पूजा तथा कथा किया और सुना जाता है। कहा जाता है कि एक दिन कौण्डिन्य मुनि की दृष्टि अपनी पत्नी शीला के बाएं हाथ में बंधे अनन्त सूत्र पर पडी, जिसे देखकर वह भ्रमित हो गए और उन्होंने पूछा-क्या तुमने मुझे वश में करने के लिए यह सूत्र बांधा है? शीला ने विनम्रतापूर्वक उत्तर दिया- जी नहीं, यह अनन्त भगवान का पवित्र सूत्र है। परंतु ऐश्वर्य के मद में अंधे हो चुके कौण्डिन्य मुनि ने अपनी पत्नी की सही बात को भी गलत समझा और अनन्त सूत्र को जादू- मंतर वाला वशीकरण करने उसे डोरा समझकर तोड दिया तथा उसे आग में डालकर जला दिया। इस जघन्य कर्म का परिणाम भी शीघ्र ही सामने आ गया। उनकी सारी संपत्ति नष्ट हो गई। दीन-हीन स्थिति में जीवन-यापन करने में विवश हो जाने पर कौण्डिन्य मुनि ने अपने अपराध का प्रायश्चित करने का निर्णय लिया। वे अनन्त भगवान से क्षमा मांगने के लिए वन में चले गए। उन्हें रास्ते में जो मिलता वे उससे अनन्त देव का पता पूछते जाते थे। बहुत खोजने पर भी कौण्डिन्य मुनि को जब अनन्त भगवान का साक्षात्कार नहीं हुआ, तब वे निराश होकर प्राण त्यागने को उद्यत हुए। तभी एक वृद्ध ब्राह्मण ने आकर उन्हें आत्म हत्या करने से रोक दिया और एक गुफा में ले जाकर चतुर्भुज अनन्त देव का दर्शन कराया। भगवान ने कौण्डिन्य मुनि से कहा- तुमने जो अनन्त सूत्र का तिरस्कार किया है, यह सब उसी का फल है। इसके प्रायश्चित के लिए तुम चौदह वर्ष तक निरंतर अनन्त-व्रत का पालन करो। इस व्रत का अनुष्ठान पूरा हो जाने पर तुम्हारी नष्ट हुई सम्पत्ति तुम्हें पुनः प्राप्त हो जाएगी और तुम पूर्ववत सुखी-समृद्ध हो जाओगे। कौण्डिन्य मुनि ने इस आज्ञा को सहर्ष स्वीकार कर लिया। भगवान ने आगे कहा- जीव अपने पूर्ववत दुष्कर्मो का फल ही दुर्गति के रूप में भोगता है। मनुष्य जन्म-जन्मांतर के पातकों के कारण अनेक कष्ट पाता है। अनन्त व्रत के सविधि पालन करने से पाप नष्ट होते हैं तथा सुख-शांति प्राप्त होती है। कौण्डिन्य मुनि ने चौदह वर्ष तक अनन्त व्रत के नियमपूर्वक पालन कर के खोई हुई समृद्धि को पुनःप्राप्त कर लिया था।

# नरेंद्र मोदी के रूप में भारत को मिला विश्वदृष्टि संपन्न नेतृत्व



डॉ. मोहन यादव



भारत जैसे विशाल देश को विकास के वैश्विक दृष्टि सम्पन्न नेतृत्व की अपेक्षा थी वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में पूरी हो गई है। भारत के हर नागरिक की यही भावना है। इसलिए वे उन्हें मन से चाहते हैं। आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है।

मध्यप्रदेश से मोदी का विशेष अनुराग है। उन्होंने अपने लोकप्रिय कार्यकम "मन की बात" में प्रदेश में हुए कई नवाचारों का उल्लेख कर मध्यप्रदेश का पूरे देश में सम्मान बढ़ाया है। यह हमारे समय का सत्य है कि हम भारत के नवनिर्माण को अपने सामने होता देख रहे हैं। भारत के नागरिक के रूप में हम नई वैश्विक पहचान के साथ दुनिया के सामने शान से खड़े हैं और गौरवशाली क्षणों को जी रहे हैं। इन मूल्यवान और ऐतिहासिक क्षणों का उपहार देने के लिए हम अपने राष्ट्र नायक नरेन्द्र मोदी को कोटिशः नमन करते हैं। वे ऐसे तपस्वी पथ प्रदर्शक हैं, जिनके नेतृत्व में भारत उजाले की ओर बढ़ रहा है। उदासी और अंधेरे को हम पीछे छोड़ आए हैं। भारत को अब ऐसे प्रतिबद्ध जन सेवक का साथ मिला है, जिसके लिए राष्ट्र सर्वोपरि और नागरिक अमूल्य पूंजी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दीक्षा और भारतीय जनता पार्टी के संस्कारों में रचे-बसे नरेन्द्र मोदी का व्यक्तित्व इतना विशाल है कि उसे शब्दों में बांधना चुनौतीपूर्ण काम है। उनके व्यक्तित्व की ऐसी कई विशेषताएं हैं जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक हैं, चाहे वे किसी भी क्षेत्र में काम करते हों। हम सब उनसे लगातार सीखते रहते हैं। भारत को नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व ऐसे समय मिला जब भारत अवसाद में डूबा हुआ अंधेरे की तरफ चल पड़ा था। वैश्विक परिदृश्य में एक कोने में खड़ा दिखाई देता था और इसे एक स्फूर्तिदायक, नई दृष्टि और नई ऊर्जा से भरे नेतृत्व की आवश्यकता थी।

## राष्ट्रवादी प्रधान नायक

राष्ट्रवादी प्रधान नायक के रूप में नरेन्द्र मोदी ने देश में जिस प्रकार राष्ट्रवादी मूल्यों का संचार किया है वह अद्भुत है। इसकी अनुभूति प्रत्येक नागरिक को हो रही है। वर्तमान और भविष्य की एक साथ चिंता उनकी दृष्टि में परिलक्षित होती है। वर्तमान को मजबूत बनाकर भविष्य को सुरक्षित करने का उनका दृष्टिकोण उनकी हर योजना में स्पष्ट रेखांकित होता है। हम कह सकते हैं कि नये भारत के वास्तुकार के रूप में मोदी ने न सिर्फ राजनीतिक बल्कि सामाजिक बुनावट और सोच को भी नये आयामों से देखने का अवसर दिया है। भारत को एक सुगठित राष्ट्र बनाने में उन्होंने जो कला-कौशल दिखाया है वह भारत के इतिहास में प्रमुखता के साथ दर्ज होगा।

## गुणों की खान

नरेन्द्र मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण। जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह आश्चर्यजनक है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है।

अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने सभी भारतीयों को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयंसेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है। कई अवसर ऐसे आये जब मोदी ने यह सिखाया और प्रयोग करके दिखाया कि कैसे धैर्य और विनम्रता सबसे भरोसेमंद साथी है। इनके सहारे कठिन चुनौतियों से निपटा जा सकता है। मोदी स्वयं टेकसेवी हैं और वे खुद को तकनीक के क्षेत्र में होने वाले परिवर्तनों से अपडेट रखते हैं। उनका तकनीकी के प्रति रुझान हमें प्रेरणा देता है कि तकनीकी के साथ बने रहना न सिर्फ स्वयं बल्कि समाज के लिये भी जरूरी है।

## इतिहास बदलने वाले कदम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में समय के साथ चलने और समय के पार देखने की अद्भुत क्षमता है। इसीलिए उन्होंने अपने नेतृत्व में जितनी योजनाएं बनाई वे सब वर्तमान को मजबूत बनाते हुए भविष्य को सुरक्षित करने वाली योजनाएं हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत समृद्ध भारत का मिशन पूरा करने और भारत को विश्व की प्रथम 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के महान लक्ष्य को पूरा करने में हम रात-दिन मेहनत करेंगे।

योजनाओं को डिजाइन करते हुए मोदी ने इस बात का भी पूरी तरह ध्यान रखा कि केंद्र और राज्य की भूमिका स्पष्ट हो। उनकी परस्पर जिम्मेदारियां स्पष्ट हों ताकि संघीय ढांचे की गरिमा को पर कोई आंच नहीं आने पाए। सभी योजनाओं का उद्देश्य देश को विकसित बनाना और आर्थिक अर्थव्यवस्था को सुधारना है। नागरिकों को अच्छी सुविधाएं आत्मनिर्भर जीवन यापन के अच्छे विकल्प, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छा रोजगार, बेहतर वातावरण आदि उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जनधन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्किल इंडिया मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत ने वर्तमान भारत की तस्वीर बदल दी है। भारतीय लोकतंत्र में एक स्वर्णिम अध्याय शुरू हुआ है और उसमें निरंतर नये-नये आयाम जुड़ते जा रहे हैं।

राष्ट्र नायक मोदी के नेतृत्व में हम सब आशा भरे और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला ऐसा समय देख रहे हैं, जो हमारा सपना था। भारत को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का हमारा सपना जल्दी ही पूरा होगा। आज हम भारतीय इस विकास की गाथा में खुद को भागीदार मानते हैं। "सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास" का मंत्र अब हर नागरिक का सूत्र वाक्य है। हम नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना करने के साथ यह भी प्रार्थना करते हैं कि उनके नेतृत्व में भारत एक समृद्ध राष्ट्र बने और हर नागरिक समृद्धशाली हो।

**(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं।)**

# भारत के आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रही है नवीकरणीय ऊर्जा



प्रह्लाद जोशी



भारत का 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विस्तार और एकीकरण पर केंद्रित है जो सतत विकास पथ के प्रति देश की प्रतिबद्धता का प्रमुख घटक है। तेजी से बढ़ती आबादी के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में से एक के रूप में भारत कार्बन उत्सर्जन कम करते हुए बढ़ती ऊर्जा खपत की मांग पूरा करने की संयुक्त चुनौती का सामना कर रहा है। इन कारकों को संतुलित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा सबसे व्यवहार्य समाधान को दशार्ती है। विश्व में सबसे कम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वाले देशों में से एक होने के बावजूद भारत न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ ऊर्जा के मुद्दे की वकालत कर रहा है बल्कि अन्य देशों को भी इस मुहिम में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है।

ग्लासगो में कॉप26 में अपनी घोषणा में जलवायु परिवर्तन से निपटने के भारत के संकल्प पर जोर दिया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंचामृत पहल के तहत पांच प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए। उनमें नवीकरणीय ऊर्जा महत्वपूर्ण घटक है। देश ने 2030 तक 500 गीगावॉट गैर जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता हासिल करने और उसी वर्ष तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करने का संकल्प लिया है जिसमें सौर ऊर्जा का योगदान 58 प्रतिशत और पवन ऊर्जा का योगदान लगभग 20 प्रतिशत है। ये लक्ष्य 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को अनुमानित एक अरब टन तक कम करने और अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता में 45 प्रतिशत की कमी करने के भारत के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप हैं। नवीकरणीय ऊर्जा ऐसा क्षेत्र है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले 10 वर्षों में परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर प्रधानमंत्री के विशेष ध्यान ने भारत को वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में चौथे, पवन स्थापित क्षमता में चौथे और सौर क्षमता में पांचवें स्थान पर लाने में मदद की है। सौर ऊर्जा क्षमता में भारत 2014 तक केवल 12.5 गीगावॉट तक पहुंच पाया था लेकिन अब लगभग 89 गीगावॉट हासिल रहा है, जो केवल 10 वर्षों में 30 गुना से अधिक हो गई है। यहां तक कि पवन स्थापित क्षमता में भी 10 वर्षों में 2.2 गुना वृद्धि हुई है जो 21 गीगावॉट से बढ़कर 47 गीगावॉट हो गई है। वहनीयता के मामले में ग्रिड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयंत्रों के टैरिफ में 76 प्रतिशत की कमी आई है जो 2010.11 के टैरिफ 10.95 रुपये की तुलना में घटकर 2023.24 के दौरान 2.60 रुपये हो गया। प्रधानमंत्री ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और हमें नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में दिशा दिखाई है, जिससे अब देश को काफी लाभ मिल रहा है। पिछले 10 वर्षों में ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का विकास एवं क्रियान्वयन मिशन मोड में किया गया है। देश में नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता 200 गीगावॉट का लगभग 55 प्रतिशत सौर ऊर्जा से आता है। लगभग 30 प्रतिशत का एक और बड़ा हिस्सा पवन ऊर्जा से आता है। भारत ने सौर मॉड्यूल के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन; पीएलआईद्ध योजना जैसे कार्यक्रम भी लागू किए हैं। घरेलू सेल उत्पादन के लिए प्रोत्साहन भारत में हरित विकास के लिए वरदान साबित हुआ है, जिससे इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। इसके साथ हीए ग्रीन हाइड्रोजन में ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (साइट) कार्यक्रम के लिए रणनीतिक उपाय इलेक्ट्रोलाइजर के विनिर्माण और हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। भारत की हरित हाइड्रोजन की विकास गाथा प्रेरणादायक है। भारत ने कोविड से निपटने हेतु अपनी स्वयं की वैक्सीन का उत्पादन करके जो हासिल किया, ठीक उसी तरह भारत हरित हाइड्रोजन क्रांति का नेतृत्व कर रहा है। इसका उद्देश्य विश्व में उत्पादन और निर्यात का केंद्र बनना है। यहां भी पीएम मोदी द्वारा उठाए गए कदमों ने ही इस परिवर्तन को संभव बनाया! दरअसल, जब देश में ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर अपनाने की बात आती है तो प्रधानमंत्री भविष्य में ईवी वाहन चार्जिंग के लिए केवल नवीकरणीय स्रोतों का उपयोग करने का मार्ग प्रशस्त करने की बात करते हैं, ताकि जीवाश्म ईंधन ऊर्जा स्रोतों का उपयोग न करना पड़े। पीएम सूर्य घर योजना सौर छतों का उपयोग करने वाले नागरिकों के साथ उनके वाहनों को बिजली उपलब्ध कराने के जरिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। भारत जिस पैमाने और गति से नवीकरणीय यात्रा को आगे बढ़ा रहा है वह बेजोड़ है और यह प्रधानमंत्री मोदी के सीधे हस्तक्षेप का परिणाम है। अब भारत इस क्षेत्र में सिर्फ अन्य देश भर नहीं है, बल्कि हम भी अग्रणी हैं! पिछले 10 साल में नवीकरणीय क्षेत्र में भारत की परिवर्तनकारी यात्रा ने हमें अग्रणी देशों में स्थान दिया है और हमें वैश्विक पहचान दिलाई है। सरकार नवीकरणीय ऊर्जा खरीद दायित्व और नवीकरणीय उत्पादन दायित्व के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। ये शासनादेश हरित विकास की दिशा में आगे बढ़ने और दायित्वों के पालन की राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुकूल हैं जो व्यक्तिगत संस्थाओं के लिए ऊर्जा परिवर्तन के पथ पर आगे बढ़ना संभव बनाता है। भारत 2030 तक अपनी संचयी विद्युत स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से हासिल करना चाहता है। हर साल कम से कम 50 गीगावॉट क्षमता बोली लगाने की योजना है। सरकार ने सौर, पवन, सौर-पवन हाइब्रिड, आरटीसी आरई ऊर्जा आदि की बोलियां आमंत्रित करने के लिए एसईसीआईए एनटीपीसी लिमिटेडए एनएचपीसी और एसजेवीएन को नवीकरणीय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसियों (आरईआईए) के रूप में अधिसूचित किया है। भारत में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में जबरदस्त बढ़त के बावजूद अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कुछ मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है। उदाहरण के लिए प्रमुख परियोजनाओं के लिए वित्त पोषण, विशेष रूप से विकासशील देशों में रणनीति बनाने की आवश्यकता है। विदेशी वित्तीय संस्थान और जलवायु कोष भारत के नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन को प्रमुख सहायता प्रदान कर रहे हैं। अनुमान के अनुसार भारत को 2030 तक 500 गीगावॉट के अपने नवीनकरणीय और गैर-जीवाश्म ऊर्जा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए करीब 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होगी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 10 वर्ष में आर्थिक विकास से कोई समझौता किए बिना नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य की ओर उल्लेखनीय प्रगति की है। हमारी स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता आसमान छू रही है और मार्च 2014 में 75.52 गीगावॉट से बढ़कर अब 203 गीगावॉट से अधिक हो गई है। 10 वर्ष में 165 प्रतिशत बढ़ोतरी अभूतपूर्व बात है। यद्यपि चुनौतियां बनी हुई हैं, इसलिए 2070 तक भारत के नेट-जीरो भविष्य के दृष्टिकोण को साकार करने में निरंतर नीति समर्थन, तकनीकी नवाचार और वैश्विक सहयोग महत्वपूर्ण होगा। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के सभी संबंधित पक्षों और निवेशकों, राज्य सरकारों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह है कि टिकाऊ भविष्य के उद्देश्य से मिलकर काम करने के लिए इस प्रमुख री-इन्वेस्ट शिखर सम्मेलन में भाग लें। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और तेजी से विकासशील राष्ट्र के रूप में भारत की नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए स्थिरता के मार्ग के मॉडल के रूप में काम करेगी।

**(लेखक, केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री हैं।)**

# आगरा छावनी - बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर बनारस की ओर रवाना किया

चमकता राजस्थान

**आगरा संवाददाता।** दिनांक :-16 सितंबर 24 को आगरा छावनी - बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हरि झंडी दिखाकर बनारस की ओर रवाना किया। आगरा मंडल में भी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का स्थानीय लोगों ने ट्रेन के चलने का स्वागत कियो ढोल-नगाड़े की धुन के बीच राज्यमंत्री प्रो.एस पी सिंह बघेल, मत्स्य पालन, पशुपालन व डेयरी मंत्रालय तथा पंचायतीराज मंत्रालय व रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह, सांसद एवं राज्यमंत्री गण उत्तरप्रदेश सरकार, विधायक, विधान परिषद सदस्य, महापौर द्वारा हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। उद्घाटन ट्रेन का आगरा छावनी स्टेशन पर स्थानीय लोगों ने ट्रेन के चलने का स्वागत किया। कई लोग तो अपने परिवार के साथ ट्रेन देखने पहुंचे। बच्चों में काफी खुशी दिखी। ट्रेन चलने से पहले कई लोग बोगी में भी बैठकर फोटो खिचवाई गई। स्कूल के छात्र उत्साह से लबरेज दिखे। छात्रो तथा शिक्षकों द्वारा ट्रेन में बैठकर खुशी जाहिर की, कुछ ने अपने परिवार के साथ वंदे भारत ट्रेन के सफर का लुफ्त उठाया` वंदे भारत ट्रेन के सफर के दौरान आई आर सीटीसी द्वारा ब्रेक फास्ट कि व्यवस्था कि गई




### ● समय सारणी

आगरा छावनी - बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस आगरा छावनी से बनारस के लिए सुबह 6.00 बजे प्रस्थान करेगी, टूंडला जं. 06.48-06.50, इटावा जं. 07.40-07.42, कानपुर सेंट्रल 09.15 -09.20, प्रयागराज जं. 11.25 -11.30 और बनारस 13.00 बजे पहुंच जाएगी व बनारस- आगरा छावनी वंदे भारत एक्सप्रेस बनारस से 15.20 बजे प्रस्थान करेगी, प्रयागराज 16.50-16.55, कानपुर सेंट्रल 18.57 -19.02, इटावा जं 20.17 -20.19, टूंडला जं. 21.23 -21.34 व आगरा छावनी पर 22.20 बजे पहुंच जाएगी।

### धार्मिक दृष्टि से

» बनारस के ख्याति प्राप्त काशी विश्वनाथ मंदिर, नवनिर्मित कॉरिडोर तथा सुप्रसिद्ध घाटो तथा सारनाथ के मंदिरों के दर्शन हेतु जाने वाले श्रद्धालुओ को सुगमता होगी`

» प्रयागराज में विभिन्न मेले जैसे कुम्भ मेला, माघ मेला तथा संगम के दर्शन हेतु जाने वाले श्रद्धालुओ को सुगमता होगी। आगरा के प्रसिद्ध मनकामेश्वर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओ को सुगमता होगी।

### जनसाधारण की दृष्टि से

» आगरा छावनी बनारस वंदे भारत उत्तर प्रदेश के चार प्रमुख शहरी केन्द्रों को जोड़ने वाली एक तेज व आरामदायक सुविधा है`

» प्रख्यात शैक्षणिक संस्थान जैसे आईआईटी कानपुर, आईआईटी– बीएचयू, बीआर अंबेडकर यूनिवर्सिटी आगरा तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों हेतु उपयोगी होगीइस अवसर पर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे उपेंद्र चंद्र जोशी, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक विजेंद्र कुमार, पीसीएससी ए. एन सिन्हा, पीसीई एस सी जैन, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी, मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल एवं प्रतिनिधियों, ZRUCC, DRUCC मेम्बर्स, व्यापारी गण मीडिया के बंधु, सोशल मीडिया इनफ्लूंसर, मंडल के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आगरा -बनारस वन्दे भारत एक्सप्रेस से सम्बंधित मुख्य बिंदु

» यह आगरा छावनी को बनारस से जोड़ने वाली पहली वन्दे भारत एक्सप्रेस है! व उत्तर प्रदेश की 13वी वन्दे भारत एक्सप्रेस है`

» आगरा–बनारस वन्दे भारत एक्सप्रेस 7 घंटे में आगरा – बनारस की यात्रा पूरी करेगी। जिससे वर्त्तमान में चल रही सुपरफास्ट ट्रेन के मुकाबले 2 घंटे 15 मिनट की बचत होगी`

» यह गाड़ी सप्ताह में 6 दिन (शुक्रवार को छोड़कर) संचालित होगी,

» यह ट्रेन 06 जिलो से होकर गुजरेगी जिसमे आगरा, फिरोज़ाबाद, इटावा, कानपुर, प्रयागराज व बनारस है।

### पर्यटन की दृष्टि से

» आगरा के एतिहासिक स्मारकों जैसे की विश्व प्रसिद्ध ताज महल, लाल किला, फतेहपुर सीकरी, सिकंदरा जैसे वर्ल्ड हैरीटेज साइट्स के पर्यटन को बढावा मिलेगा।

» इटावा में नवनिर्मित लायन सफारी तक पहुंचना सुगम होगा।

» कानपुर, इलाहाबाद तथा बनारस के पर्यटन स्थलो को आगरा से जोड़ने का काम करेगी।

### व्यापर/उद्योग दृष्टि से

» आगरा के जूता, लैदर, हस्तशिल्प, जनरेटर पार्ट्स व पेठा जैसे लघु उद्योग व्यापारियों को नए मार्केट से जोड़ने का काम करेगी।

» फिरोजाबाद/ टूंडला के कांच के व्यापारियों को कानपुर, प्रयागराज व बनारस जैसे बड़े शहरों तक पहुंचना आसान होगा।

» कानपुर के लेदर उद्योग तथा केमिकल उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व हर्षोल्लास के साथ सादगी से मनाया गया

● इस अवसर पर अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किये गए





**चमकता राजस्थान /रमेश मोदी। चौमहला /झालावाड़।** नगर में पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की यौमे विलादत यानी जन्मदिन को जश्ने ईद मिलाद -उन-नबी के रूप में इंसानियत के पैगाम के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ,इस अवसर पर सुबह 8 बजे फजल मस्जिद से शुरू हुआ जो नगर के मुख्य मार्गो से होकर सिटी पैलेस जाकर समाप्त किया गया ,इस अवसर पर मस्जिद व इमामबाड़े पर आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई ,जश्ने ईद मिलादुन्नबी का मुख्य कार्यक्रम सिटी पैलेस में सम्पन्न हुवा जंहा बच्चों ने हमारे नबी ए करीम की शान में कलाम पेश किए , बच्चों को पुरस्कार वितरित किये गए, यही पर सामूहिक लंगर का आयोजन किया गया ,जुलूस के नगर भ्रमण के दौरान रैदास मंडल ,समाज सेवी बगदीराम गायरी ,व मरहूम मकसूद अली सैयद परिवार द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ,इस अवसर पर चिकित्सालय जाकर मरीजों को फल वितरित कर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई ,इस अवसर पर सदर अमजद खान में कहा कि आज पूरी दुनिया सुकून की तलाश कर रही है जबकि पै×गम्बरे इस्लाम की शिक्षाए इंसानियत की भलाई व अमन व सुकून के लिए है ,हम पड़ोसियो के साथ मोहब्बत व भाईचारे के साथ रहे ,ये दिन करुणा व भाईचारे को कायम रखने की सीख देने वाला है हमे आने वाली युवा पीढ़ी को अमन व भाईचारे का संदेश देना है ,वही हुसैनी कमेटी के लाइसेंसी आबिद हुसैन में कहा कि हमे पैगम्बर मोहम्मद साहब के आदर्शों को आत्मसात करते हुवे सभी मे करुणा व भाईचारा कायम व बरकरार रखना है साथ ही नगरवासियों को पारस्परिक सोहाद्र व आपसी प्रेम सहिष्णुता केसाथ जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व मनाने की अपील की गई ।

### भारत विकास परिषद की बाड़ी शाखा को क्षेत्र स्तर पर सम्मानित किया गया




**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण) ।** बाड़ी उपखण्ड में महिला सहभागिता कार्यक्रमों एवं महिलाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के बाबत भारत विकास परिषद बाड़ी द्वारा किए गए कार्यों के लिए पूरे क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ शाखा के रूप में सम्मानित किया गया! यह सम्मान परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री, क्षेत्रीय अध्यक्ष व क्षेत्रीय महासचिव द्वारा परिषद के संपूर्ण राजस्थान की भारत विकास परिषद की महिलाओं के महिला सम्मेलन में प्रांत की महिला प्रमुख सरोज मंगल एवं शाखा सचिव दीपक सिंगल, नीतू सिंगल और पूनम सोनी द्वारा प्राप्त किया गया इस रविवार 15 सितंबर को बीकानेर में आयोजित इस सम्मेलन में पूरे राजस्थान क्षेत्र के लगभग 500 से ज्यादा महिला कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थी

# बाड़ी धौलपुर में अकीदत एवं सादगी से निकाला जश्ने ईद मिलादुन्नबी जुलूस

## नारे ए तकबीर अल्लाह हु अकबर के नारों से गूंजता हुआ बाड़ी शहर

चमकता राजस्थान

धौलपुर(रामदास तरुण)। बाड़ी शहर में हजरत पैगंबर मोहम्मद की यौमे पैदाइश का त्योहार ईद मिलादुन्नबी को अकीदत के साथ मनाया गया!शहर के विभिन्न इलाके से पारंपरिक जुलूस निकाला गया! ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शाही जामा मस्जिद को सतरंगी रोशनी से आकर्षक रूप में सजाया है! मस्जिद की छटा देखते ही बन रही है! मस्जिद के भीतर फूलों से सजावट की है, मुस्लिम कौम के लोग रविवार रात से विशेष इबादत में मशगूल हैं, ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम घरों में विशेष पकवान बनाए गए! मुस्लिम लोगों ने नए कपड़े पहनकर घर को भी सजाया है! ईद मिलादुन्नवी पर बाड़ी शहर में जुलूस निकाला गया! यह जुलूस हाथियापौर मस्जिद से शुरू होकर मुख्य सड़क व मुख्य बाजार होकर घन्टाघर स्थित शाही जामा मस्जिद तक पहुंचा।

### ● जुलूस का जगह -जगह हुआ इस्तकबाल

जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मौके पर अंजुमन बरकाते रजा कमेटी ने जुलूस निकाला! यह जुलूस तकिया मस्जिद हाथियापौर से शुरू हुआ! इसमें मुस्लिम समाज के लोग मोटरसाइकल और पैदल शामिल थे! इसमें आकर्षक रेड्डीयो के साथ मिलाद में कलाम पेश किए गए, जुलुस का मार्ग में जगह-जगह लोगो ने पानी, सरबत, लंगर लगाकर स्वागत किया गया




### पैगम्बर मोहम्मद ने दिया प्रेम का संदेश

हजरत पैगंबर मोहम्मद की यौमे पैदाइश के मुबारक मौके पर शाही जामा मस्जिद में धार्मिक कार्यक्रम हुए! अंजुमन रजा कमेटी की मौजूदगी में नात शरीफ के नजराने गूंजे! पेश इमाम शाही जामा मस्जिद मौलाना अनवार हुसैन ने तिलावत-ए-कलाम पेश किया! उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद ने अपनी शिक्षाओं में परस्पर प्रेम, गरीबों की मदद को प्रमुखता दी है! उनकी सीख को जीवन में अपनाना चाहिए! पेश इमाम तकिया मस्जिद मौलाना मोहम्मद अहमद की तकरीर हुई! कारी इस्लामुद्दीन ने सलातो सलाम पेश किया फातेहाख्वानी की, अंजुमन सदर परवेश खान एवं सीनियर सदर सलीम बरकाती ने दुआ पढ़ी! इस दौरान सदर परवेश खान, जावेद खान, इसरार खान, सलीम बरकाती, जुबैर पठान, मोहसिन खान, असफाक खान, सोहिल शेख, अदनान पठान, अकरम पठान, रिहान खान, रूमान खान, भूरा उस्मानी, सहित काफी संख्या में लोगों मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के मौके पर पुलिस प्रशासन की ओर से रही है! माकूल व्यवस्था, जुलूस में चल रहे लोग लगा रहे थे पैगंबर साहब के नारे, बाडी थानाधिकारी शिवलहरी मीणा, टाऊन चौकी प्रभारी हरवीर सिंह, बसई डांग घनश्याम सिंह, सोने का गुर्जा भीम सिंह टीम सहित जुलूस पर रख रहे निगरानी, सुरेश चंद्र (सीआईडी ) एडिशनल एसपी कमल कुमार, डीएसपी नरेंद्र मीणा पल पल की ले रहे जानकारी।

### राजस्थान प्रभारी रंधावा प्रदेश के दौर पर

**चमकता राजस्थान/जयपुर, 16 सितम्बर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा कल प्रातः 09.30 बजे हवाई मार्ग से जयपुर पहुंचेंगे। सांगानेर एयरपोर्ट पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसजन स्वागत करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव व मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस के महामंत्री राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा प्रातः 11.00 बजे सड़क मार्ग द्वारा अलवर पहुंचकर दिवंगत विधायक जुबेर खान जी को उनके निवास स्थान पर जाकर श्रद्धांजली अर्पित करेंगे तथा शोक संतप्त परिवारजनों को ढांढस बंधाएंगे।

### भदीरा में दो अलग-अलग मकान में नगदी सहित लाखों रुपए के आभूषण चोरी

● पुलिस ने की जांच पडताल, आरोपियों का नही लगा सुराग



**चमकता राजस्थान। नदबई, (राजवीर सिंह)।** नदबई क्षेत्र के गांव भदीरा में अज्ञात चोर जिला परिषद सदस्य जवाहर सिंह सहित एक अन्य दिनेश कुमार के कमरे का ताला तोड़ कर नगदी सहित लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। पीडित की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर अज्ञात चोरों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, सफलता नही मिल सकी।
पुलिस सूत्रों की मानें तो भदीरा निवासी दिनेशचंद पुत्र जोरमल अपने परिजनों के साथ कमरे में सो रहा। इसी दौरान अज्ञात चोर ताला तोड़कर मकान में घुस गया। बाद में दो अलग-अलग कमरों में रखी अलमारी से करीब 80 हजार की नगदी सहित लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गया। इसी प्रकार जिला परिषद सदस्य जवाहर सिंह के कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर अलमारी में रखी नगदी सहित अन्य घरेलू सामान चोरी कर फरार हो गया। तड़के करीब पांच बजे घर का सामान बिखरा देख पीडित लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर अज्ञात चोरों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, सफलता नही मिल सकी।

## 3 अक्टूबर को आयोजित की जा रही है! भगवान श्री अग्रसेन जयंती की शोभायात्रा की भव्यता

# अग्रसेन जयंती को लेकर बाड़ी के अग्रवाल समाज के गूंजेंगे गलियारे




चमकता राजस्थान

● अग्रवाल सभा बाड़ी के तत्वाधान में श्री अग्रवाल पंचायती धर्मशाला में आयोजित होगा पंच दिवसीय कार्यक्रम

● रक्तदान, गरबा नृत्य, बालक बालिका नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम महिला सम्मान कार्यक्रम सहित अन्य कई विशेष कार्यक्रमों की बनाई जा रही है रूपरेखा

धौलपुर( रामदास तरुण)। बाडीः- प्रदेश और देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही श्री अग्रवाल सभा बाड़ी एवं संगठन से जुड़े शीर्ष लोग इस बार श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के आयोजन को लेकर अन्य सालो की तुलना में बेहद उत्साहित और रोमांचित नजर आ रहे है! अग्रवाल समाज के पद अधिकारी एवं नवयुवक मंडल की टीम महीने भर पहले से ही इस जयंती को दिव्य एवं भव्य बनाने की तैयारी में जुटे हुए है! प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल समाज की सहयोगी संस्था श्री अग्रसेन सहायता समिति, शिक्षा समिति, महिला मंडल, नव युवक मंडल महीने भर से अपने -अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों में जुटा हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप बस्ती ही नहीं अपितु पूरे राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश में बाड़ी निवासी इस बार की जयंती का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं, दूसरी तरफ इस जयंती को कुछ खास अंदाज में मानने के लिए वर्षो से अग्रणी रहे बागथरिया परिवार के धीरज गर्ग अपनी टीम के साथ ग्वालियर से लगे हुए है, इस बार अग्रवाल कैटर्स संचालक बबलू देवगार्डेन, गिर्राज हलवाई, रामू बंसल के सहयोग से शहर में महिला बैंड आएगा जो भगवान श्री अग्रसेन की जयंती की दिव्यता भव्यता में चार चांद लगाएगा ' पूर्व शिक्षा समिति अध्यक्ष भगवती प्रसाद मित्तल के परम मित्र आगरा निवासी आत्माराम ऑटो एंटरप्राइजेस के द्वारा अग्रसेन भगवान की शोभायात्रा में भगवान महादेव की एक अद्भुत झांकी देखने को मिलेगी, शहर के अधिकांश लोगों ने इस बार जयंती में भर चढ़कर धनराशि देने का सहयोग किया है! इसका अग्रवाल सभा बाडी के अध्यक्ष एड. राधेश्याम गर्ग ने आभार जताया उपाध्यक्ष रामकुमार गर्ग ने कहा कि अग्रसेन जयंती को लेकर समाज के सभी अग्रज एकजुट दिखाई दे रहे हैं, और सभी वरिष्ठ समाजसेवी अग्रसेन जयंती को लेकर सामूहिक प्रयास करते हुए नजर आ रहे हैं, जिसकी वजह से आगामी माह के 3 अक्टूबर को बाड़ी शहर में आयोजित शोभा यात्रा की भव्यता सुंदरता और विशालता देखने को मिलेगी।

# जग जाहिर हिंदी समाचार पत्र का 12वां स्थापना दिवस

## हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ पत्रकार सम्मान समारोह

चमकता राजस्थान

**जयपुर 16 सितंबर ।** नारायण सिंह सर्किल स्थित पिंकसिटी प्रेस क्लब में सोमवार को जग जाहिर हिंदी समाचार पत्र के 12वें स्थापना दिवस पर पत्रकार सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। नवल डांगी ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का साफा पहना कर और शॉल ओढ़ाकर कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें जग जाहिर की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

अतिथियों मैं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की अतिरिक्त निदेशक अलका सक्सेना, वन विभाग बोर्ड के डायरेक्टर सुनील मुदगल, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश पदाधिकारी ज्योति मिश्रा, जयपुर नगर निगम ग्रेटर विपक्ष के नेता राजीव चौधरी, शिक्षाविद संजय असवाल, समाजसेवी मदन यादव, मारवाड़ हॉस्पिटल के निदेशक सोहन चौधरी और वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश एन भटनागर शामिल हुए।







अतिथियों की गौरवमाय उपस्थिति में जग जाहिर की ओर से सुभाष नाहर पुरस्कार हरिभूमि (हरियाणा) के न्यूज़ एडिटर शंभू भद्रा को प्रदान दिया गया।

सभी पत्रकारों को साफा पहना कर और शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया।। साथ ही उन्हें जग जाहिर की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

पत्रकार सम्मान समारोह में ज़ी न्यूज़ (राजस्थान) के भरत चौधरी, न्यूज़ 18 (राजस्थान) के रोशन शर्मा, टीएनपी न्यूज़ के रघु गौड़, वरिष्ठ पत्रकार रोशन लाल शर्मा, स्वतंत्र पत्रकार अत्री कुमार दाधीच, राजस्थान पत्रिका के फोटोग्राफर अनुग्रह सोलोमन, जन टीवी के सुदर्शन सिंह शेखावत, जनसंपर्क अधिकारी सरिता जाखड़, हिंदुस्तान जिंक के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश मूंदडा, दैनिक कंवर स्टोरी के संपादक जयप्रकाश दशोरा, वरिष्ठ पत्रकार विजय जैथलिया, दैनिक नवज्योति के गुणेंद्र शर्मा, दैनिक भास्कर के न्यूज़ एडिटर सुभाष बंसल, दैनिक किंग के संपादक मुकेश चौधरी को सम्मानित किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की अतिरिक्त निदेशक अलका सक्सेना ने कहा मैंने विभाग में 32 वर्ष से अधिक समय दिया है। उन्होंने कहा मेरा अनुभव कहता है कि एक अच्छे वक्ता होने से ज्यादा जरूरी अच्छा स्त्रोता होना है। इस अवसर पर उन्होंने जग जाहिर के संपादक और कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले पत्रकारों को बधाई और शुभकामनाएं दी। जग जाहिर के बारे में चर्चा करते हुए कहा सरकार से विज्ञापनों के लिए बिना मान्यता प्राप्त होने के बावजूद अपने दम पर चल रहा है यह वाकई मेहनत का परिणाम है जिसका मुकाबला सहज की कोई नहीं कर सकता।

वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश एन भटनागर ने कहा कि आज पत्रकार सबसे ज्यादा शोषित वर्ग है। पत्रकारिता को आज मिशन के तौर पर लिया जाना जरूरी है। यह खुशी की बात है पिछले 11 वर्षों में जग जाहिर में पत्रकारिता का धर्म निभाने का जज्बा देखा है।

वन विभाग बोर्ड के डायरेक्टर सुनील मुदगल ने जग जाहिर के संपादक अरुण कुमार की बेबाकी के लिए उनकी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा अक्सर हम प्रेस वार्ता में अरुण कुमार के सुलगते हुए सवालों का इंतजार करते हैं। अभावों में कलम को संघर्ष ज्यादा करना पड़ता है जिसका जग जाहिर बखूबी पालन कर रहा है।

शिक्षाविद संजय असवाल ने कहा मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है जिसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां है। इसलिए जरूरी है समाज को दशा व दिशा देने में कर्तव्य का पालन ईमानदारी से किया जाए।

जयपुर नगर निगम ग्रेटर के विपक्ष के नेता राजीव चौधरी ने कहा मीडिया समय-समय पर हमें हमारी जिम्मेदारियों का एहसास कराता है। उससे हमें सही और गलत निर्णय लेने में बड़ी मदद मिलती है। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी ज्योति मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की अच्छी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में पत्रकारों को सहयोग करना चाहिए। साथ ही महिला पत्रकारों को सुरक्षा के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

गायकार लियाकत अली ने कार्यक्रम में अपनी सुरीली आवाज में पुराने गाने और देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। उन्होंने ₹ओ हंसिनी₹, ₹ये जो मोहब्बत है₹, ₹मेरे महबूब कयामत होगी₹ गाकर जमकर तालियां बटोरी।

कार्यक्रम की सह संयोजिका वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर जीनत कैफ़ी ने अपनी उम्दा आवाज में गजल पेश की। संगीत के राजस्थान गौरव मोहन बालोदिया ने ₹बीते हुए लम्हों की₹ गाकर सभी का मन जीत लिया।

दीक्षा पारीक ने वादा रहा सनम गीत से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। सभी अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में जग ज़ाहिर के स्थापना दिवस विशेषांक का विमोचन भी किया गया।

सम्मान समारोह के अंत में कार्यक्रम संयोजिका एवं वरिष्ठ पत्रकार गीता यादव और जग जाहिर के संपादक अरुण कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सपना शाह ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या प्रयास के मामलें में दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)।** क्षेत्र के गांव ऊँच में जमीनी विवाद के चलते एक अधेड़ से मारपीट कर हत्या प्रयास करने के मामलें में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार ऊँच निवासी लोकेश उर्फ लुक्का पुत्र पूरनसिंह कचेरा को मुखबिर की सूचना पर गांव से गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि करीब दो साल पहले ऊँच निवासी जगदीश शर्मा ने जमीनी विवाद में मारपीट कर हत्या प्रयास करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने जांच पडताल कर दीपचंद कचेरा व जयप्रकाश कचेरा पुत्र पूरन सिंह कचेरा को पहले गिरफ्तार किया। जबकि, लोकेश उर्फ लुक्का कचेरा को देर रात थाना प्रभारी दौलत साहू के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने गिरफ्तार किया।

### लड़कियों के साथ होने वाली हिंसा की रोक-थाम के उपायों पर चर्चा




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** विशाखा महिला शिक्षा एवं शोध समिति की ओर से भांकरोटा के केशुपूरा स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता अभियान के तहत लड़कियों के साथ होने वाली हिंसा की रोक-थाम के उपायों और विशाखा संस्था द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की उपयोगिता पर छात्राओं के साथ चर्चा की गई।

संस्था की काऊंसलर ने छात्राओं को बताया कि किसी भी महिला या बालिका के साथ किसी भी प्रकार की प्रताड़ना या हिंसा होने पर वह तत्काल इसकी जानकारी भांकरोटा थाने में स्थित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की काऊंसलर को दें। इस तरह की समस्त जानकारी को पूर्णतया गोपनीय रखा जाता है। इस दौरान मौजूद छात्राओं ने यह भी जानना चाहा कि अगर कोई उन्हें छेड़े या रास्ते में पीछा करे तो इस समस्या से कैसे छुटकारा मिल सकता है। इस पर काऊंसलर ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र का नंबर 7425018111 साझा करते हुए तत्काल इसकी सूचना देने की बात कही।

इस अवसर पर हुई चर्चा के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, केशुपूरा के प्रधानाध्यापक रामकुमार शर्मा ने बदलते वक्त के साथ ऐसी व्यवस्था को महत्वपूर्ण बताया। बड़ी संख्या में छात्राएं और अध्यापिकाएं इस चर्चा में शामिल हुईं।

# उप मुख्यमंत्री ने किया महाराव उम्मेद सिंह के शिक्षा, चिकित्सा और विकास में योगदान का स्मरण

## महाराव उम्मेद सिंह द्वितीय की जयंती पर क्षत्रिय राजपूत समाज की प्रतिभाएं सम्मानित

चमकता राजस्थान

**कोटा, 16सितम्बर।** अनंत चतुर्दशी की पूर्व संध्या पर महाराव उम्मेद सिंह द्वितीय की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। हाड़ौती क्षत्रिय शिक्षा प्रचारिणी समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी थी।

अध्यक्षता पूर्व सांसद इज्यराज सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि लाडपुरा विधायक श्रीमती कल्पना देवी एवं अयोध्या के पीठाधीश्वर जगतगुरु संत स्वामी बालमुकुन्दाचार्य जी थे।






उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने माँ भगवती एवं महाराव उम्मेद सिंह द्वितीय की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक कोटा की नींव महाराव उम्मेद सिंह द्वितीय ने रखी थी और उनकी दूरदर्शिता के कारण कोटा का निरंतर विकास हुआ है।

उप मुख्यमंत्री ने महाराव उम्मेद सिंह द्वितीय के हाड़ौती क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, वन, भू राजस्व, और पशुधन के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया। उन्होंने महिलाओं के शिक्षा, खेलों एवं नौकरी के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने को विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि समारोह में उपस्थित मातृशक्ति का सम्मान करते हुए उन्हें गौरव का अनुभव हो रहा है। समारोह में उप मुख्यमंत्री द्वारा क्षत्रिय राजपूत समाज के शिक्षा, खेलकूद, और सरकारी नौकरियों में सफल होने वाली करीब 90 युवा प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई।

उन्होंने युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि नई पीढ़ी को न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि संस्कार और आध्यात्मिक चेतना के साथ राष्ट्र का गौरव बढ़ाने की दिशा में भी अग्रसर होना चाहिए।

अयोध्या के पीठाधीश्वर जगतगुरु संत स्वामी बालमुकुन्दाचार्य जी ने कोटा के वीर इतिहास और क्षत्रिय धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए क्षत्रियों और क्षत्राणियों के योगदान का स्मरण कराया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व सांसद इज्यराज सिंह ने पुरस्कृत युवाओं को बधाई दी और कोटा के विकास के लिए बजट प्रदान करने के लिए उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में हाड़ौती क्षत्रिय शिक्षा प्रचारिणी समिति के अध्यक्ष शिवराज सिंह राठौड़, महासचिव ठाकुर वीरेन्द्र सिंह शक्तावत, पूर्व आईएएस अमर सिंह एवं कार्यकारिणी व समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 17 से 19 सितंबर तक चलने वाले जनसंपर्क अभियान के तहत सभी 200 विधानसभाओं में भाजपा के वरिष्ठ नेता करेंगे प्रवासः डॉ अरूण चतुर्वेदी

- **सीएम भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड सहित प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी बूथ स्तर पर करेंगे जनसंपर्कः डॉ अरूण चतुर्वेदी**

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 16 सितंबर 2024।** भाजपा सदस्यता अभियान के तहत ''घर-घर जनसंपर्क महाअभियान'' 17 से 19 सितंबर तक प्रदेश की सभी 200 विधानसभाओं में एक साथ चलाया जाएगा। भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित भाजपा के प्रदेश से लेकर जिला पदाधिकारियों द्वारा बूथ पर जाकर घर-घर जनसंपर्क किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सांगानेर विधानसभा में बूथ पर जाकर जनसंपर्क करेंगे। इसके लिए भाजपा के सभी पदाधिकारियों के प्रवास कार्यक्रम तय कर दिए गए है।

अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि सदस्यता अभियान महाजनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा वरिष्ठ नेताओं द्वारा विभिन्न बूथों पर संपर्क कर आमजन को सदस्यता ग्रहण करवाएंगे। वहीं अभियान को लेकर बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही महा जन संपर्क अभियान में प्रवास के दौरान शेष बचे बूथों पर जिला, मंडल पदाधिकारी व टोली के 2-2 सदस्यों की टीम बनाकर प्रवास कार्यक्रम तय करेंगे।



अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह बगरू विधानसभा क्षेत्र में, मुकेश दाधीच किशनपोल एवं झुंझुनूं विधानसभा, संतोष अहलावत रामगढ विधानसभा, नारायण पंचारिया पोकरण विधानसभा क्षेत्र, मोतीलाल मीणा कोटा देहात की पीपलदा विधानसभा, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी श्रीगंगानगर विधानसभा , जितेंद्र गोठवाल खंडार विधानसभा क्षेत्र में जाकर बूथ स्तर पर जनसंपर्क करेंगे। इसी तरह प्रदेश मंत्री, जिला प्रभारी, जिला संयोजक, जिलाध्यक्ष के साथ पूर्व मंत्री और पूर्व पदाधिकारियों को भी विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है।

भाजपा सदस्यता अभियान के सह संयोजक मोती लाल मीणा ने बताया कि अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी सिविल लाइंस विधानसभा में अपने बूथ पर जनसंपर्क करेंगे। मीणा ने बताया कि भाजपा के सदस्यता अभियान के प्रति आमजन में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सदस्यता ग्रहण करने के बाद देशभर में लोग भाजपा से जुड़ते जा रहे है। अभियान में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से लेकर भाजपा के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, सरकार के मंत्री, विधायकों, सांसदों के साथ सभी जनप्रनिधियों द्वारा सदस्य बनाए जा रहे है। भाजपा की रीति और नीति के साथ भाजपा की विचारधारा को समझाते हुए आमजन को सदस्यता ग्रहण करवाई जा रही है !

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से भाजपा सेवा पखवाड़े का करेगी आगाजः श्रवण सिंह बगडी

- **पीएम मोदी की जीवनी आधारित प्रदर्शनी भाजपा प्रदेश कार्यालय पर सीएम भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ करेंगे शुभारंभः- श्रवण सिंह बगडी**



चमकता राजस्थान

जयपुर, 16 सितंबर 2024। भारतीय जनता पार्टी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार से देशभर में ''सेवा पखवाड़े'' का आगाज करेगी। सेवा पखवाड़े में 25 अक्टूबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाते हुए ''सेवा परमो धर्म'' को चरितार्थ करते हुए सेवा कार्य करेगी।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि मंगलवार 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोदी जी की जीवनी आधारित प्रदर्शनी से सेवा पखवाडे का आगाज किया जाएगा। प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रातः 10.30 करेंगे।

भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाडे के लिए प्रदेश से भाजपा के 5 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ जिलों में 4 सदस्यों की टोली गठित की गई है। इस सेवा पखवाडे में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, सचित्र प्रदर्शनी, विषय आधारित संगोष्ठी, वृक्षारोपण अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़े में विभिन्न सामाजिक संगठनों, ब्लड बैंकों और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रदेश के सभी जिलों में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। वहीं स्कूल एवं अस्पताल परिसर के साथ सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 23 सितंबर को आयुष्मान भारत योजना के शुभारंभ के दिन प्रदेश की प्रत्येक विधानसभाओं में 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले पखवाड़े में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन विभाग और पर्यावरण मंत्रालय के साथ मिलकर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। वहीं इस दौरान कला और ड्राइंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण और निबंध प्रतियोगिता, आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत 2047 ओर गो वोकल फॉर लोकल प्रसंगों आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

# अज़मेर में शानौ शौकत से निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

- सर्व समाज के लोगों ने किया जूलूस का जगह-जगह जोरदार स्वागत
- पुलिस व प्रशासन की रही सराहनीय भूमिका, कानून व्यवस्था रही चाक-चौबंद

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर /अजमेर! (खलील कुरैशी)।** इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जश्न इंद मिलादुन्नबी के मौके पर सोमवार को अजमेर में जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमद शामिल हुए। जुलूस का स्वागत सभी धर्म के लोगों ने पुष्प वर्षा कर किया और मुस्लिम भाइयों को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी सिद्दीकी की सदारत में प्रातः 9 बजे एतिहासिक ढाई दिन की झोंपड़े से जुलून प्रारंभ हुआ, पंचायत अंदर कोटिया द्वारा सदसयों का साफ बांधकर इस्तकबाल किया। पंचायत के पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर जुलूस को रवाना किम। जुलूस के त्रिपोलिया गेट पहुंचने पर खादिमों की संस्था अंजुमन यादगार निश्तिया शेखजदगान की ओर से सभी लोगों की दस्तारबंदी की गई। संस्था के सचिव फहीम अहमद चिश्ती ने सभी को मुबारकबाद दी। इसके पश्चात जुलूस कमानी गेट होता हुआ सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह पहुंचा। मुख्य द्वार पर अंजुमन सैय्यदज्दगान के सदस्यों ने जुलूस का स्वागत किया। जुलूस के देहली गेट धान मंडी पहुंचने पर पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर इंसाफके नेतृत्व में जुलूस का स्वागत किया गया। क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष इलियास कुरैशी के नेतृत्व में जुलूस में शामिल सभी लोगों को पगड़ी पहनकर और शाल उड़ाकर इस्तकबाल किया गया। दोपहर एक जुलूस ऋषि घाटी बाईपास स्थित चिल्ला कुतुब सब पर पहुंचा यहां सलातो सलाम पढ़ा गया और देश में अमन चैन भाईचारगी के लिए शहर काजी तौसीफ अहमद सिद्दीकी अंजुमन सैयदजदगान के अध्यक्ष हाजी गुलामकिबरिया चिश्ती ने दुआ कराई। उम्मत फाउंडेशन ने शिक्षा के महत्त्व का दिया संदेश उम्मत फाउंडेशन की ओर से जुलूस के दौरान शिक्षा के महत्व को लेकर झांकी सजाई गई, जिसमें स्कूली बच्चों को मौलाना अब्दुल कलाम आजाद, मिसाइल मैन अब्दुल कलाम के साथ-साथ डॉक्टर इंजीनियर के वेशभूषा में प्रस्तुत कर सभी से अपील की कि वह अपने बच्चों को शिक्षा अवशय दिलाए मोहम्मद साहब ने भी शिक्षा को लेकर हमेशा उपदेश दिए और शिक्षा को मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया। फाउंडेशन के मोहम्मद अलीमुद्दीन सहित कई सदस्य इस दौरान मौजूद रहे। मुस्लिम समाज के सभी पंथ हुए शामिलः ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकल गए जुलूस में मुस्लिम समाज के सभी पंथ शामिल हुए। समाज की ओर से तारागढ़ पंचायत कमेटी के अध्यक्ष अकोल हुसैन सचिव रब नवाज जाफरी, तारागढ़ पंचायत अध्यक्ष तारागढ़ दरगाह कमेटी सदस्य हफीज अली, सदस्य अहसान हुसैन, दिलावर अब्बास, इमरान हुसैन, अली, हफीज अली, शिया मौलाना अली नकवी, मौजूद रहे। बोहरा रामाज की ओर मुहमद अली बोहरा हातिम अली शब्बीर सज्जाद बोहरा सहित मस्जिद के इमाम शामिल हुए। बुलूस में डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, पूर्व आरटीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड, पूर्व विधायक राजकुमार जयपाल, नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली, पार्षद नोरत गुर्जर, शैलेंद्र अग्रवाल, पूर्व सभापति सुरेंद्र सिंह शेखावत, सूफी इंटरनेशनल के अध्यक्ष हाजी रूरवर सिद्दीकी, अंजुमन के सदस्य सैयद फजले हसन चिश्ती, गफ्फार काजमी, इदारा दवातुल हक संस्था के प्रमुख मौलाना अय्यूब कासमी, अंजुमन यादगार के संयुक्त सचिव शेखजादा इमरान चिश्ती, अमजद चिश्ती, काजी मुनव्वर अली, अब्दुल नईम खान, एसएम अकबर, रईस कुरैशी, शकील अब्बासी, सैय्यद अनवर चिश्ती, गुलजार चिश्ती, जाहिद खान, हुमायू खान, सलाम खान, त्रिलाल, सलमान खान, अहसान मिर्जा, हाजी चांद खान, इफ्तेखार हुसैन, पार्षद शाकिर शाह, मंजूर अली, हफीज खान, अंदरकोट पंचायत के इशहक मो. फिरोज खान, गुलाम मोहिउद्दीन, गुलजमान खान, शाहिद एरिजवान खानए अब्दुल सलाम आदि मौजूद रहे ।ख्वाजा साहब की मजार पर पेश किया गिलाफ अंजुमन की ओर से गरीब नवाज की मजार शरीफ पर नीमा और गिलाफ पेश किया गया। मजारशरीफ पर अकीदत का नजराना पेश कर दुआ मांगी गई। बाद में तबरुक तकसीम किया गया। जूलूस में खिदमत के लिए पानी-शर्बत की लगाई छबील पुष्पवर्षा से किया स्वागत जुलूस मार्ग के दौरान व्यापारियों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने पानी-शर्बत की छबील लगाई, मिठाई, सोहन हलवा और अन्य वस्तुएं वितरित की गई। जुलूस का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सर्वधर्म समिति के प्रकाश जैन, फादर कॉसमॉस शेखावत, मोहम्मद अली सहित अन्य पदाधिकारियों ने कई पुष्प वर्षा कर स्वागत किया






## न्यूट अपडेट

### अल मदद विकास समिति के तत्वावधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन




**जयपुर/ मकराना ( खलील कुरैशी)।** अल मदद विकास सेवा समिति मकराना के तत्वावधान में ईद मिलादुन्नबी पर्व व विश्व शांति दिवस के अवसर पर सोमवार को स्थानीय जूसरी रोड स्थित भारत हास्पिटल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सुबह 8 बजे से दोपहर तक जारी रहा। जिसमें 190 यूनिट रक्तदान का संग्रहण किया गया। संस्था अध्यक्ष हाफिज रियाज अहमद गैसावत ने बताया कि मानव सेवा के लिए रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें युवाओं ने उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभाई। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय विधायक जाकिर हुसैन गैसावत ने शिरकत की। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर परिषद के पूर्व सभापति शौकत अली गौड़ मौजूद थे। वही संस्था संरक्षण मौलान गुलाम सैय्यद अली ने कहा कि हर इंसान एक दूसरे की मदद के लिए हमेशा तैयार रहे, जरूरतमंदों का सहयोग करें। रक्तदान बहुत ही परोपकार व मानव सेवा का काम है। रक्तदान कर किसीजरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। सचिव अब्दुल रहीम गैसावत ने शिविर में आए सभी रक्तदाताओं का आभार जताया। इस मौके पर संस्था कोषाध्यक्ष मोहम्मद अकरम फैजानी, उपाध्यक्ष मोहम्मद नदीम चौहान, सह सचिव मोहम्मद सलीम शाह, सह कोषाध्यक्ष मोहम्मद हयात सिसोदिया, पार्षद इरशाद गैसावत, मंसूर अख्तर चौधरी, मुगैर गैसावत, मतीन रादंड , अब्दुल सलाम, बिलाल गैसावत, इमरान सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा से मिला शिष्टमंडल, सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** करौली धौलपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रही इंदु देवी जाटव और करौली जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य देवानंद परम कैमला के नेतृत्व में पिंकसिटी पान मर्चेंट संस्था के महामंत्री अविंद महौविया, बालकिशन रावत गजानंद वर्मा सहित अन्य सदस्यों का राजस्थान सरकार के - उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा से मुलाकात की।इस दौरान जयपुर शहर में नए पान बूथ आवंटन करने के साथ पान फसल को बागवानी मिशन में शामिल करने की मांग को प्रमुखता से रखा। इस मामले - में पिंकसिटी पान मर्चेंट संस्था के महामंत्री द्वारा एक ज्ञापन भी दिया गया है। ज्ञापन में बताया है कि जयपुर शहर में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नए पान बूथ आवंटित किए जाएं, इससे लोगों को रोजगार मिल सके। इसके साथ-साथ पान फसल को बागवानी मिशन में शामिल करने की भी मांग उठाई है। ज्ञापन में बताया है कि वर्तमान में पान फसल को बागवानी मिशन में शामिल नहीं किए जाने से पान किसानों को सरकारी सहायता नहीं मिल पाती है। ऐसे हालात में पान फसल का उत्पादन लगातार घट रहा है। इस पर उपमुख्यमंत्री द्वारा शिष्ट मंडल को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

### महिला थाना पुलिस की कार्रवाई गैंगरेप मामले में आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान, जयपुर/बाड़मेर, (खलील कुरैशी)।** बाड़मेर जिले की महिला थाना पुलिस की टीम ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने के मामले में 16 महीनों से फरार चल रहे आरोपी मोहन राम उर्फ मोहन सिंह पुत्र जग्गू राम निवासी भुरटिया थाना नागाणा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि 29 मई 2023 को पीड़ित नाबालिग के परिजनों द्वारा आरोपी हीराराम, मोहन राम उर्फ मोहन सिंह व तगाराम के विरुद्ध घर में घुसकर डरा धमका कर नाबालिग से दुष्कर्म करने एवं अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटना के वक्त से ही आरोपी मोहन राम फरार चल रहा था। जिसे थाना स्तर पर टॉप टेन में चयनित कर तलाश की जा रही थी। एसपी मीना ने बताया कि लंबे समय से फरार चल रहे हैं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध के सुपरविजन एवं एसएचओ महिला थाना सोमकरण के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी मोहन राम उर्फ मोहन सिंह को साजीतडा गांव से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है।

## भीलवाड़ा में धार्मिक तनाव से आहत हिन्दुओं का जनता कर्फ्यू

- बंद घरों पर काली पट्टी बांध बाहर निकले हिन्दू, बारावफात का विरोध



**चमकता राजस्थान**

**जयपुर!** राजस्थान का नागपुर कहे जाने वाले भीलवाड़ा में लगातार सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली घटनाएं हो रही हैं। इसी को लेकर सोमवार को सांगानेर इलाके में लोगों ने अनोखा विरोध किया। पूरे इलाके के लोगों ने अपने घर बंद किए। दरवाजों पर ताला लगाया। बता दें के पहले गुलाबपुरा और अब सांगानेर में हिन्दूओं के धार्मिक जुलूस पर पथराव के बाद हिन्दू संगठन मुखर हो गए है और उन्होने सोमवार को मुस्लिमों के त्यौहार बारावफात का अनोखे ढंग से विरोध जताया। घरों को बंद कर काली पट्टी बांधी और फिर खुद विरोधस्वरूप एक जगह एकत्रित होकर धार्मिक उन्माद के खिलाफ धरने पर बैठ गए। हिंन्दू संगठनों का कहना है कि भीलवाड़ा में हर हिंन्दू त्यौहार पर मुस्लिम पथराव करते है जबकि हिन्दू हमेशा मुस्लिमों के त्यौहार को देखते है, इस लिए इस बार धार्मिक उन्माद के खिलाफ उन्होने मुस्लिमों के त्यौहार में शरीक होना और देखना ही बंद कर दिया है। सोमवार को भीलवाड़ा के कई शहरों में इस अनोखे विरोध-प्रदर्शन को देखने को मिला। जहां काली पट्टी बांधी और गांव से 2 किमी दूर भजन-कीर्तन करने चले गए।

### अतिरिक्त जिला कलक्टर ने रोजगार उत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**चमकता राजस्थान, कोटपूतली-बहरोड़, (धर्मेंद्र बंसल)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर ओम प्रकाश सहारण ने सोमवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार कक्ष में द्वितीय रोजगार उत्सव की तैयारियों का जायजा लिया और आवशयक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभागार कक्ष में लाइव वीसी सेटअप, बैठक व्यवस्था, अतिथियों को भेजे जाने वाले आमंत्रण पत्र आदि तैयारीयों का जायजा लिया तथा सभी तैयारियां को अंतिम रूप देने के लिए आवशयक दिशा निर्देश प्रदान किये। इस अवसर पर सीएमएचओ आशीष सिंह शेखावत, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, डीओआईटी उप निदेशक सुनील मीणा, प्रोगामर मनोज कुमार सहित अधिकारी उपस्थित रहे। द्वितीय रोजगार उत्सव का कार्यक्रम मंगलवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित होगा।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ 17 आज

**कार्यक्रम के तहत स्वच्छता रैली, शपथ तथा श्रमदान होगा**

**चमकता राजस्थान, कोटपूतली-बहरोड़, (धर्मेंद्र बंसल)।** देश में स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ 17 सितंबर, मंगलवार को होगा। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 17 सितंबर, मंगलवार को सुबह 9 बजे स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रैली तथा श्रमदान का आयोजन किया जाएगा। यह रैली राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के ग्राउंड से शुरू होकर वाया अग्रसेन चौराहे से होते हुए एलबीएस कॉलेज के ग्राउंड पर इसका समापन होगा रैली के पश्चात एलबीएस कॉलेज के ग्राउंड में श्रमदान भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सार्वजनिक स्थानों, पर्यटन स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया जाएगा तथा आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम का थीम 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' रहेगा। उक्त कार्यक्रम के लिए शहरी क्षेत्र में आयुक्त नगर परिषद एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कोटपूतली बहरोड़ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### अवैध रिफिलिंग सेंटर पर रसद विभाग की बड़ी कार्यवाही

## 31 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 इलेक्ट्रॉनिक कांटा व 2 मोटर किये जब्त



**चमकता राजस्थान, जयपुर! (खलील कुरैशी)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में रसद विभाग के प्रवर्तन जांच दल ने जयपुर के पालड़ी मीणा स्थित एक मकान में संचालित अवैध रिफिलिंग सेंटर कार्रवाई को अंजाम दिया। जिला रसद अधिकारी त्रिलोक चंद मीणा ने बताया कि प्रवर्तन दल ने मौके से 2 मोटर, दो इलेक्ट्रॉनिक कांटा एवं 31 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किये हैं।प्रवर्तन अधिकारी अरविंद सिंह शेखावत बताया कि अवैध रिफिलिंग सेंटर में घरेलू गैस सिलेंडर से कार एवं ऑटो में गैस की अवैध रीफिलिंग की जाती थी। सूचना पर प्रवर्तन दल ने कार्रवाई करते हुए 15 खाली एवं 16 भरे सहित कुल 31 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किये हैं। जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी गौरा मीणा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### सरकार की आमद मरहबा से गुंजा उठा सीकर शहर

## ईद-मिलादुन्नबी के पाक एवं खूशूसी मौके पर जोश, उत्साह और अमन पूर्वक निकाला गया जुलूस-ए-मुहम्मदी



**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/सीकर (खलील कुरैशी)।** पैगंबर इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश पर शहर में जुलूस ए मुहम्मदी कमेटी की ओर से ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर में विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में सैंकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे। पैगंबर साहब के योमे पैदाइश पर शहर की मस्जिदों में भव्य सजावट की गई और फूलों से सजाया गया।जुलूस-ए-मुहम्मदी कमेटी के अध्यक्ष जुबेर नारू ने बताया कि जुलूस-ए-मुहम्मदी सुबह 10 बजे मदरसा मदीना प्राय. स्कूल मोहल्ला नारवान से कुरआन शरीफ कि तिलावत से शुरू होकर, मोहल्ला नारवान, मोहल्ला हुसैन गंज, मोहल्ला रोशनगंज, मोहल्ला जमीदारान, मोचीवाड़ा, तहसील, ईदगाह चौराहा, सालासर बस स्टैंड होते हुए वापस मदीना प्राइमरी स्कूल पहुंचा जहां जुलूस का समापन हुआ। जुलूस-ए-मुहम्मदी को युवाओं, बच्चों व आमजन में काफी उत्साह देखने को मिला। जगह जगह लोगो ने पानी, शर्बत ओर फल की व्यवस्था की। जुलूस में अल्लाह हू अकबर व सरकार की आमद मरहबा के नारों की गूंज उठी। वहीं शहर के मुख्य पॉइंट्स पर सर्व समाज मुस्लिम समुदाय ब्लॉक कांग्रेस के लोगों ने जुलूस का फूलों से भव्य स्वागत किया। जुलूस को लेकर शहर की मस्जिदों में भव्य सजावट की गई। समापन के बाद सलातो व सलाम के बाद देश में अमन व शाति, देश की तरक्की में आपसी भाईचारे की दुआ की गई। सुरक्षा के मध्य नजर जुलूस में पुलिस जाब्ता भी तैनात किया गया। जुलूस रैली व मस्जिदों में दुआ के जरिए देश प्रदेश में अमन चैनऔर शांति की दुआ की गई है। जुलूस में सभापति जीवन खा,कमेटी के सदर जुबेर नारू, सचिव अ. रसीद बहलीम, सरपरस्त मौलाना हाफिज मन्जूर सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष नदीम नारू सूफी मोइनुद्दीन जिलानी, मौलाना असलम फारुकी, मौलाना अकरम फारुकी, मौलाना सुफियान फारुकी, पार्षद पप्पू चौहन, जमील नारू,, सेव्यद मो. शाहिद, इमरान मनियर, सेव्यद नासीर, अनीस गौरी, शब्बीर मोयल, आरिफ अतारी, रियाज चौहान, सेव्यद सोयब, सेय्यद सैफ, आतिफ नारू, हनीफ कादरी, कालू खां तंवर अस्पाक भाटी, मोइन विसायती, रहीस खान, आदिल नारू, अरबाज भाटी, सोनू भाटी, अबरार सोलंकी.ल, ताहिर नारू, समीर नारू, माजिद सिद्दीकी, फारूक गौरी, शकील पडियार, शब्बीर बहलीम, रफीक नारू, वाजिद सिद्दीकी, बिलाल नारू, रेहान नारु, इरफ़ान बडगुजर, अनवर चौहान अशफाक दादू, शाहरुख बड़गुजर, आसिफ बहलीम, अमान बहलीम, आमीर नारू, अब्बास नारू, अख्तर बहलीम, सहित हजारों कि संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# जयपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मुबारक उत्सव ईद मिलाद-उन-नबी



**जूलूस निकालकर प्रेम, शांति एवं आपसी सौहार्द्र, परोपकार का दिया गया सकारात्मक संदेश**

**पैगंबर मुहम्मद साहब के न्याय व शांति के सिद्धांतों को अपनाने का किया आह्वान**

**फिलिस्तीन के भारत में राजदूत डॉ. अदनान अबू अल-हिजा ने मिलादुन्नबी के महत्व पर दिया जोर**

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर प्रदेशभर में अनेक आयोजन हुए। इसी के साथ जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। राजधानी जयपुर में वाहिद मेमोरियल रिलीफ सोसायटी व सेंट्रल मिलाद कमेटी की ओर से निकाला गया जुलूस घाटगेट से बग्गी में सवार मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी साहब के नेतृत्व में शुरू होकर चार दरवाजा मौलाना जियाउद्दीन साहब सर्किल पहुंचा, जहां सैयद मोहम्मद कादरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पैगंबर मुहम्मद साहब की शिक्षाओं का सच्चे तरीके से पालन करने की आवशयकता है। साथ ही पैगंबर मुहम्मद साहब की शिक्षाओं का वास्तविक पालन करने की अपील की। उन्होंने उपस्थित लोगों को पैगंबर के करुणा, न्याय और शांति के सिद्धांतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।वहीं मुख्य अतिथि फिलिस्तीन के भारत में राजदूत डॉ. आदनान अबू अल-हिजा ने मिलादुन्नबी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने पैगंबर मुहम्मद साहब की करुणा, न्याय और शांति की विरासत पर अपना संबोधन केंद्रित रखा और बताया कि कैसे उनकी शिक्षाएं लाखों लोगों को प्रेरित करती रहती हैं। उन्होंने मिलादुन्नबी के महत्व और पैगंबर के संदेश का सामंजस्य और समझ को बढ़ावा देने में निरंतर प्रासंगिकता पर गहरी जानकारी प्रदान की। मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नज्मी ने इस भाषण का अरबी से हिंदी में अनुवाद किया। जुलूस करबला में जाकर सभा में परिवर्तित हुआ। जहां विभिन्न उलेमाओं और इस्लामी स्कॉलर्स ने व्याख्यान दिए।वहीं जुलूस में शामिल प्रतिभागियों ने प्रार्थनाएं कीं और पैगंबर के जीवन की कहानियां साझा कीं, उनके प्रेम और एकता के संदेश का जश्न मनाया।

जुलूस में कई उलेमा और नात ख्वां भी शामिल हुए, जिन्होंने भाषण दिए और अंत में नात शरीफ की तिलावत की। जुलूस के अध्यक्ष व आयोजकों ने पुलिसकर्मियों को उनके सहयोग और सुरक्षा के लिए धन्यवाद दिया।

**दो हजार स्वंयसेवी खिदमतगार कार्यकर्ताओं ने संभाली पुरी कमान**

दो हजार से अधिक स्वयंसेवकों ने आयोजन को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने उपस्थित लोगों की सहायता की, सार्वजनिक परिवहन को प्रबंधित किया। साथ ही कानून और व्यवस्था बनाए रखने में योगदान दिया। पैगंबर ने दिया दया, न्याय और सामंजस्य पर जोरकार्यक्रम संयोजक सैयद मोहम्मद कादरी ने कहा कि मिलादुन्नबी, जिसे मावलिद अल-नबी भी कहा जाता है, पैगंबर मुहम्मद के 570 ईसवी में मक्का में जन्म की स्मृति है। यह दिन मुसलमानों को विश्वभर में पैगंबर के जीवन और शिक्षाओं पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है, जो सभी लोगों के बीच दया, न्याय और सामंजस्य पर जोर देती है।

**ईद-मिलादुन्नबी के जूलूस कार्यक्रम में इनकी रही विशेष उपस्थिति**

जुलूस में मौलाना मुदस्सर अशरफी, मुफ्ती जलीस अहमद, मौलाना निसार निजामी, मौलाना एहतराम आलम, मौलाना जाहिद हुसैन नूरी, मौलाना वली मोहम्मद, मौलाना गुलाम मोइनुद्दीन, मौलाना अब्दुल कदीर, मौलाना राशिद मिस्बाही, मौलाना अंजार, मुफ्ती गुफरान मिस्बाही व तमाम अहले सुन्नत वल जमात के आइम्मा हजरात व सेंट्रल मिलाद कमेटी के मेम्बर हाजी हसीन खान, हाजी हामिद बैग, उवैस खान, तैमोर खान, इलियास बैग हाजी रियाज की विशेष उपस्थित रही।

## जमशेदपुर रैली में बोले पीएम मोदी

# बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की घुसपैठ झारखंड के लिए बड़ा खतरा'

जमशेदपुर।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन पर वोट बैंक की राजनीति के लिए बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की घुसपैठ को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश से आने वाले घुसपैठिए झारखंड के लिए बड़ा खतरा हैं क्योंकि उनकी वजह से राज्य के संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों की जनसांख्यिकी बदल रही है।





### बांग्लादेशी घुसपैठिए सबसे बड़ा खतरा : पीएम मोदी

» प्रधानमंत्री ने यहां गोपाल मैदान में भाजपा की 'परिवर्तन महारैली' को संबोधित करते हुए कहा, 'बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं। इन क्षेत्रों की जनसांख्यिकी तेजी से बदल रही है। आदिवासी आबादी घट रही है। घुसपैठिए पंचायत प्रणाली पर नियंत्रण स्थापित कर रहे हैं, जमीन हड़प रहे हैं, राज्य की बेटियों पर अत्याचार कर रहे हैं...हर झारखंडवासी असुरक्षित महसूस कर रहा है।

### भाजपा राज्य में सत्ता में आने के लिए तैयार : मोदी

» उन्होंने कहा, 'भारी बारिश समेत कोई भी बाधा मुझे आप तक पहुंचने से नहीं रोक सकी, मैं आपके स्नेह से अभिभूत हूं।' उन्होंने यह भी कहा कि इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा राज्य में सत्ता में आने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'अगर भाजपा सत्ता में आती है तो वह आबकारी कांस्टेबल भर्ती अभियान के दौरान अभ्यर्थियों की मौतों के मामले की जांच कराएगी।' मोदी ने झामुमो नीत गठबंधन पर भाजपा नेताओं को निशाना बनाने और उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने का आरोप लगाया।

# "अंधा बाटे रेवड़ी फिर-फिर अपनों को देय"

## सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त शहर जयपुर के अधीक्षण अभियंता लीपापोती के करोड़ों रुपये के जॉब नंबर अलॉट करने के बावजूद बुनियादी कार्यों के लिए रो रहे बजट का रोना !

चमकता राजस्थान

जयपुर। सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त शहर जयपुर के अधीक्षण अभियन्ता अनिल विजयवर्गीय ने इस साल 2024 में लीपापोती के करोड़ों के जॉब नंबर अपने चहेते ठेकेदारों को अलॉट किए हैं , लेकिन बुनियादी कार्यों(छत की रिपेयरिंग , जगह-जगह गिर रही फ़ाल्स सेलिंग ,वॉटर हार्वेस्टिग सिस्टम ) के लिए अधिकारियों के सामने बजट का रोना रोकर सार्वजनिक निर्माण विभाग की साख को बट्टा लगा रहे हैं !

मिली जानकारी के अनुसार अधीक्षण अभियंता के पास जब भी कोई बिल्डिग में गिर रही फ़ाल्स सीलिंग, छत की रिपेयरिंग के कार्यों के लिए शिकायत लेकर जाते हैं तो वे उन्हें बजट नहीं होने का पाठ पढ़ाकर कार्यों में रुचि नहीं लेते हैं ,लेकिन मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने पिछले सालों में करोड़ों का बजट मात्र रंग रोगन,सेनेटरी के कार्यों में ही ख़र्च कर दिया !

जबकि उनके कार्य क्षेत्र में आ रहे सरकारी क्वार्टर्स में रहने वाले लोग उनसे बुनियादी कार्य जेसे सीवर लाइन ठीक कराना,छत की रिपेयरिंग कराने के लिए तरस रहें हैं वे उन्हें कई बार पत्र लिख चुके हैं लेकिन वे बजट का बहाना कर कार्यों को टाल देते हैं मिली जानकारी के अनुसार उनके द्वारा अलॉट किए गए जॉब नंबरों के वर्क ऑर्डर की तिथि निकालने के पश्चात अब कई कार्यों के बिल ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत कर दिए गए हैं जिनका भुगतान किए जाने की तैयारी चल रही है !

## न्यूज़ अपडेट

### भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत, एमपी से खाटूश्यामजी जा रहे थे श्रद्धालु

**बूंदी।** राजस्थान के बूंदी जिले के हिण्डोली थाना क्षेत्र में एक भयावह हादसा हो गया। जहां तालाब गांव के निकट ओवरब्रिज के पास रविवार तड़के एक ट्रक की टक्कर से कार सवार आधा दर्जन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक, हिंडोली पुलिस उपाधीक्षक सहित बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची। सभी मृतकों को कार से बाहर निकाल कर जिला चिकित्सालय की मोर्चरी भिजवाया गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को उपचार के लिए कोटा रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार मध्य प्रदेश निवासी नौ जने एक कार में सवार होकर खाटूश्याम जी के दर्शन करने जा रहे थे। तभी बूंदी टनल से आधा किलोमीटर आगे सामने से आ रहे एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार 6 जनों की मौके पर ही मौत हो गई। लोग काफी देर तक कार में फंसे रहे।

बाद में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण संवेदक के कार्मिक एवं हिंडोली पुलिस दोनों की मदद से करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक दुर्घटना के बाद फरार हो गए जिसकी तलाश जारी है।

### कई महीनों से अंतरिक्ष में 'फंसीं' सुनीता विलियम्स ने तोड़ी चुप्पी, बोलीं- ईमानदारी से कहूं तो...

**नयी दिल्ली।** नासा के एस्ट्रोनॉट्स सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने अंतरिक्ष से लाइव प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने कई मुद्दों पर जवाब दिया। सुनीता ने पिछले दिनों अंतरिक्ष से बोइंग स्टारलाइनर के धरती पर सुरक्षित लैंड करने को लेकर खुशी जताई। उन्होंने लैंडिंग पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं बहुत खुश हूं कि बिना किसी दिक्कत के वह सुरक्षित लैंड कर गया। सुनीता और विल्मोर जून के पहले हफ्ते में स्टारलाइनर के जरिए अंतरिक्ष में पहुंचे थे, लेकिन फिर तकनीकी दिक्कत आने की वजह से दोनों अंतरिक्ष में ही 'फंसे' रह गए। अब दोनों की वापसी अगले साल फरवरी में होने वाली है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सुनीता विलियम्स ने कहा कि हम यहां आने और यहां मौजूद क्रू का हिस्सा बनने को लेकर काफी खुश हैं। हम अभियान 71 का हिस्सा रहे हैं। वे बहुत अच्छे लोग हैं और हमने बस इसमें शामिल होने और जो कुछ भी कर सकते हैं, करने की कोशिश की है। हम निक और एलेक्स के अभियान 72 के हिस्से के रूप में वहां पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स ने आगे कहा, 'जब बुच और मैं इस उड़ान की तैयारी कर रहे थे, तो हमने परीक्षण उड़ान के बारे में बात की और यह जानते हुए कि यह आठ दिनों के लिए निर्धारित है, ऐसी अन्य चीजें भी हो सकती हैं जो हमें यहां थोड़े और समय तक रोक सकती हैं, हम न केवल स्टारलाइनर बल्कि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए भी कई वर्षों से प्रशिक्षण ले रहे हैं। हम दोनों पहले भी यहां आ चुके हैं, इसलिए हमें थोड़ा बहुत अनुभव है।'

### मेरठ हादसे में अब तक 10 लोगों की दर्दनाक मौत, ढह गई थी 3 मंजिला इमारत

● रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी एनडीआरएफ की टीम

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में जाकिर कॉलोनी में तीन मंजिला मकान गिरने से एक ही परिवार के 10 लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। मेरठ जिला प्रशासन की ओर से जारी एक बयान के अनुसार जाकिर कॉलोनी में तीन मंजिला मकान गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई, वहीं अभी दो लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है। बयान के अनुसार मृतकों की पहचान साजिद (40), पुत्री सानिया (15), पुत्र साकिब (11), सिमरा (डेढ़ वर्ष), रीजा (सात), नफ्फो (63), फरहाना (20), अलीशा (18) और आलिया (छह) के रूप में हुई है। दुर्घटना में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका उपचार किया जा है। राज्य के राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से सुबह जारी एक बयान में कहा गया था कि मकान के अचानक ढहने से मलबे में 15 लोग दब गए।

# विसर्जन से पहले गणेश जी को चढ़ाया 56 भोग

चमकता राजस्थान

जयपुर)झुंझुनूं! हीरवा गांव में ठाकुर जी मंदिर के पास गणेश महोत्सव के दसवे दिन गणेश जी महाराज का समापन हुआ। गणेश पूजन, हवन के साथ गणेश विसर्जन किया गया , लेकिन इसके पहले भगवान गणेश को 56 भोग लगाया गया है। आके खालो 56 भोग बड़ी प्यार से लाया जी. 56 भोग मनीष अग्रवाल पुत्र स्व महावीर प्रसाद अग्रवाल के द्वारा लगाया गया। सहपरिवार द्वारा गणेश जी की आरती की गई। महिलाओं ने बढ़ चढ़कर गणेश पूजन में हिस्सा लिया। छप्पन भोग का प्रसाद लोगों में वितरित किया गया, देर रात्रि तक भजन पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। भव्या पुत्री जयप्रकाश शर्मा ने भी सुंदर-सुंदर भजनो के साथ लोगों को खूब रिजाया, भव्या शर्मा दसवीं की छात्रा है। वहीं दसवे दिन गणेश विसर्जन से पहले पंडित पुनीत शर्मा के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन किया बाद में 1 बजे महाआरती की गई। लोगों ने गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे भी लगाए। उसके बाद सभी को गणेश जी महाराज का प्रसाद वितरित किया गया। गाँव के ठाकुर जी मंदिर डीजे बाजे के साथ गणेश प्रभु की शोभायात्रा के जयकारों के साथ विदा किया गया। लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हीरवा ठाकुर जी मंदिर बनियो के मोहले में पिछले नो दिन से चल रहे हीरवा चौक के राजा के महोत्सव का विधिवत समापन मंगलवार शाम को मूर्ति विसर्जन के साथ हुआ। गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तूं जल्दी आना...देवा हो देवा गणपति देवा के नारे लगाए गए। इस मौके पर श्याम सुंदर शर्मा, ओमप्रकाश अग्रवाल,शिव कुमार अग्रवाल, ठाकुर जी मंदिर पुजारी अशोक शर्मा, मनीष अग्रवाल, सजन शर्मा घनश्याम दास अग्रवाल, अशोक मिश्रा, राजेश शर्मा, ऋषि सोनी, राधा किशन सोनी, मोहनलाल सोनी, जर्मन मिश्रा, कंचन मिश्रा एवं गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### गणेश को पसंदीदा भोग है लड्डू

» पंडित अमित शर्मा के अनुसार भगवान गणेश का पसंदीदा भोग लड्डू है। पुराण के अनुसार भगवान गणेश को बचपन से ही लड्डू बहुत पसंद हुआ करते थे। इसीलिए अब भी सबसे पहले भगवान गणेश को लड्डू का भोग ही लगाया जाता है। लड्डू के भोग लगाने पर भगवान जल्दी प्रसन्न होते है, ऐसी भी अनेक मंदिरों में मान्यता हैं। गणेश पर्व के दौरान शहर के बाजार से लड्डू तो अधिक विक्रय हुए ही, लेकिन घरों में भी महिलाओं ने अलग–अलग तरह के लड्डू एव प्रसाद तैयार कर भगवान गणेश को भोग लगाए।

### क्या है सनातन धर्म में 56 भोग का महत्व

» पंडित शुभम शर्मा के अनुसार भगवान को 56 भोग चढ़ाने के महत्वों को वर्णन अलग–अलग है। भक्त अधिक प्रसन्नता और भगवान को रिझाने के लिए बड़ी ही भक्ति भाव से 56 भोग तैयार करते है और चढ़ाते है। इसे लेकर मान्यता है कि अगर भगवान को भोग पसंद आ जाते है तो भक्तों की मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। इसके अलावा विशेष पूजन अवसर पर भी 56 भोग चढ़ाए जाते हैं।



# विश्वकर्मा भगवान
## की जयंती पर विशेष

देवताओं के शिल्पकार कहे जाने वाले भगवान विश्वकर्मा पूजा हर साल कन्या संक्रांति के दिन देश भर में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल 17 सितंबर रविवार के दिन भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई जाएगी। इस खास दिन देशभर के सभी कारखानों और उद्योग क्षेत्र से जुड़े जगहों पर बेहद ही भव्य तरीके से भगवान विश्वकर्मा के जन्म का उत्सव मनाया जाता है। हिन्दू पंचाग के अनुसार, 17 सितंबर को सुबह पूजा का मुहूर्त 6:30 बजे से शाम 6:16 बजे तक रहेगा।

इसके अलावा शाम को 5 बजकर 15 मिनट से 7 बजकर 2 मिनट तक का समय भी पूजा के लिए बेहद अच्छा है। इस दिन पूरे समय भक्त भगवान विश्वकर्मा की पूजा आराधना कर सकतें हैं।

### भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति

» एक कथा के अनुसार सृष्टि के प्रारंभ में सर्वप्रथम 'नारायण' अर्थात साक्षात भगवान विष्णु सागर में शेषशय्या पर प्रकट हुए। उनके नाभि-कमल से चर्तुमुख ब्रह्मा दृष्टिगोचर हो रहे थे। ब्रह्मा के पुत्र 'धर्म' तथा धर्म के पुत्र 'वास्तुदेव' हुए। कहा जाता है कि धर्म की 'वस्तु' नामक स्त्री से उत्पन्न 'वास्तु' सातवें पुत्र थे, जो शिल्पशास्त्र के आदि प्रवर्तक थे। उन्हीं वास्तुदेव की 'अंगिरसी' नामक पत्नी से विश्वकर्मा उत्पन्न हुए। पिता की भांति विश्वकर्मा भी वास्तुकला के अद्वितीय आचार्य बने।

### भगवान विश्वकर्मा के अनेक रूप

» भगवान विश्वकर्मा के अनेक रूप बताए जाते हैं। दो बाहु वाले, चार बाहु एवं दस बाहु वाले तथा एक मुख, चार मुख एवं पंचमुख वाले उनके मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी एवं दैवज्ञ नामक पांच पुत्र हैं। यह भी मान्यता है कि ये पांचों वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में पारंगत थे और उन्होंने कई वस्तुओं का आविष्कार किया। इस प्रसंग में मनु को लोहे से, तो मय को लकड़ी, त्वष्टा को कांसे एवं तांबे, शिल्पी ईंट और दैवज्ञ को सोने-चांदी से जोड़ा जाता है।

### दुनिया के पहले वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा

» भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का पहला वास्तुकार माना जाता है और उन्होंने कई पौराणिक इमारतों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा ने ही इंद्रपुरी, द्वारिका, हस्तिनापुर, स्वर्गलोक, लंका और जगन्नाथपुरी का निर्माण करवाया था। उन्होंने ही भगवान शिव का त्रिशूल और विष्णु भगवान का सुदर्शन चक्र तैयार किया था। मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं के लिए अनेक भव्य महलों, आलीशान भवनों, हथियारों और सिंहासनों का निर्माण किया। मान्यता यह भी है कि एक बार असुरों से परेशान देवताओं की गुहार पर विश्वकर्मा जी ने महर्षि दधीचि की हड्डियों से देवताओं के राजा इंद्र के लिए वज्र बनाया था। यह वज्र इतना प्रभावशाली था कि असुरों का सर्वनाश हो गया। यही वजह है कि सभी देवताओं में भगवान विश्वकर्मा का विशेष स्थान है। विश्वकर्मा जी ने एक से बढ़कर एक भवन बनाए। उन्होंने रावण की लंका, श्री कृष्ण की द्वारिका, पांडवों के लिए इंद्रप्रस्थ और हस्तिनापुर का निर्माण किया। माना जाता है कि उन्होंने उड़ीसा स्थित जगन्नाथ मंदिर के लिए भगवान जगन्नाथ समेत बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाओं का निर्माण भी अपने हाथों से किया था। इसके अलावा उन्होंने कई बेजोड़ हथियार बनाए, जिनमें भगवान शिव का त्रिशूल, भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र और यमराज का कालदंड शामिल हैं। उन्होंने दानवीर कर्ण के कुंडल और पुष्पक विमान भी बनाया। माना जाता है कि रावण के अंत के बाद श्री राम, श्री लक्ष्मण व सीता जी और अन्य साथी इसी पुष्पक विमान पर बैठकर अयोध्या लौटे थे।



### विश्वकर्मा पूजा विधि

» विश्वकर्मा दिवस के दिन जल्दी स्नान करके, पूजा स्थल को साफ करें। फिर गंगा जल छिड़क कर पूजा स्थान को पवित्र करें। एक साफ़ चौकी लेकर उस पर पीले रंग का कपड़ा बिछाएं। पीले कपड़े पर लाल रंग के कुमकुम से स्वास्तिक चिह्न बनाएं। भगवान श्री गणेश का ध्यान करते हुए उन्हें प्रणाम करें। इसके बाद स्वास्तिक पर चावल और फूल अर्पित करें, फिर उस चौकी पर भगवान विष्णु और भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा या चित्र लगाएं।

### इस तरह करें पूजा

» भगवान विश्वकर्मा पूजा के दिन फैक्ट्री, कारखानों, ऑफिस में मशीनों की पूजा की जाती है। पूजा के दौरान कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। सबसे पहले भगवान विश्वकर्मा के तस्वीर को रखें। इसके बाद चावल, फूल, मिठाई, फल, रोली, सुपारी, धूप, दीप, रक्षासूत्र, पूजा की चौकी, दही की व्यवस्था कर लें। पूजा की चौकी पर चावल के आटे से अष्टदल रंगोली बनाएं। रंगोली तैयार हो जाए तो फिर इसके ऊपर 7 प्रकार के अनाज रखें, फिर इस पर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति या फोटो स्थापित करें। इसके बाद पूरे भक्ति भाव से भगवान विश्वकर्मा की पूजा करें। इसके बाद सभी मशीन, औजारों पर तिलक और अक्षत लगाएं, फिर फूल चढ़ाएं। भगवान विश्वकर्मा को मिठाई का प्रसाद अर्पित करें। इसके बाद भगवान विश्वकर्मा की आरती करें और प्रसाद वितरित करें।

### विश्वकर्मा पूजा महत्व

» 'विश्वं कृत्यस्त्रं व्यापारो वा यस्य सः' अर्थात जिसकी सम्यक सृष्टि व्यापार है, वहीं विश्वकर्मा है। प्राचीन काल से ब्रम्हा-विष्णु और महेश के साथ विश्कर्मा की पूजा-आराधना का प्रावधान हमारे ऋषियों-मुनियों ने किया हैं। भगवान विश्वकर्मा को प्राचीन काल का सबसे पहला इंजीनियर माना जाता है। इस दिन औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े उपकर, औजार, की पूजा करने से कार्य में कुशलता आती है। शिल्पकला का विकास होता है. कारोबार में बढ़ोत्तरी होती है साथ ही धन-धान्य और सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिभा सम्मान समारोह से मिलती हैं है सकारात्मक ऊर्जा एवं बढ़ता हौंसला: जगदीश मीणा



**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)** राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय संस्कार सेना जयपुर स्थित संकट मोचन बालाजी महाराज ट्रस्ट द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता सीमा भटनागर के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ कार्यक्रम में बोलते हुए राष्ट्रीय संस्कार सेना के राष्ट्रीय संयोजक जगदीश मीणा ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान किया जाने पर सभी प्रतिभाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है एवं अच्छे रिजल्ट्स आते हैं शिक्षा लेने वाले छात्रों एवं संघर्ष रक्तदाताओं का सम्मान एवं समाज सेवी के सम्मान से लोग रुचि लेकर के अपने मंजिल को हासिल करते हैं इस मौके पर सीनियर सिटीजंस एवं रक्तदाताओं का सम्मान समारोह संकट मोचन बालाजी मंदिर संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद मीणा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम में 300 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया एवं सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया कार्यक्रम में धन्यवाद भाषण संगठन के महामंत्री बंसीलाल जांगिड़ ने दिया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रदान कर सीमा भटनागर एवं जगदीश मीणा ने शुभारंभ किया कार्यक्रम में धन्यवाद भूषण संस्था के संरक्षक गंगा साइन मीणा ने दिया कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष हरि नारायण मीणा ने पूरे साल का खर्च का हिसाब पेश किया

### सीएम भजनलाल शर्मा ने रामगढ़ के दिवंगत विधायक जुबेर खान एवं पूर्व मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा के पुत्र विकेश कुमार शर्मा को दी श्रद्धांजलि



**चमकता राजस्थान। जयपुर, 16 सितम्बर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को रामगढ़ के दिवंगत विधायक जुबेर खान के अलवर स्थित निवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके पुत्रों आदिल खान आर्यन खान सहित अन्य परिजनों को सांत्वना दी इसके उपरान्त मुख्यमंत्री शर्मा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा के निवास पर पहुंचकर उनके पुत्र स्वर्गीय विकेश कुमार शर्मा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा शोक संतप्त परिजनों को ढाढ़स बंधाया।

### टोंक में अकीदत और शांति संदेश के साथ निकाला गया ईदमिलादुन्नबी का जुलूस



**चमकता राजस्थान। टोंक!** जिले में ईदमिलादुन्नबी का पर्व बडे हर्षोल्लास से मनाया गया, उनियारा कस्बे में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बेंड बाजों के साथ निकाला गया। जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष के पति नरेश गुर्जर ने पैगम्बर मुहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। साथ ही मुस्लिम समाज के विकास के लिए पालिका प्रशासन की ओर से हर सम्भव सहायता देने का आश्वासन दिया। समापन के बाद मुस्लिम मुसाफिर खाने में सभी को लंगर खाना खिलाया गया। इसी प्रकार टोंक षहर में स्थित धन्ना तलाई चौराहे पर ईद मिलादुन्नबी पैगम्बर हजरत मुहम्मद की यौमें पैदाईश के मुबारक मौके अकबर खान ने जबरदस्त आतिशबाजी कर महफिल-ए-मिलाद का आयोजनकियामहफिल-ए-मिलाद में देवली-उनियारा के पुलिस उप अधीक्षक सलेह मोहम्मद, टोंक शहर कोतवाल भंवर,इंटरनेशनल शायर जिया टोंकी सहित आदि ने शिरकत की। महफिल-ए-मिलाद की शुरुआत हुजूरे पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान मे तिलावत ए कुरान से की गई और राजस्थान मे अमन चेन, खुशहाली एंव भाईचारा बना रहे, इसके लिए दुआ की गई।

# बारां में जशन ए ईद मिलादुन्नबी का निकला जुलूस,नबी की शान में कलाम पढ़कर किया अकीदत का इजहार

## मांगी अमन चेन की दुआ,शहर मे हुआ स्वागत

चमकता राजस्थान



बारां! हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर सोमवार को ईद मिलादुन्नबी का जुलूस अकीदत वह पूरे एतराम के साथ निकाला गयाअहले सुन्नत के नायब सदर शाहिद इकबाल भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि मर्कजी तंजीम अहले सुन्नत के तत्वाधान में जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बारां शहर काजी अब्दुल कय्यूम साहब अहले सुन्नत सदर मोहम्मद आबिद देशवाली, अंजुमन सदर माजिद सलीम साहब, जाकिर मंसूरी, अशरफ देशवाली, शाहिद कुंडी, सलाम कादरी, रईसउद्दीन शेख, आदि ने हरी झंडी दिखाकर मेला मेदान से रवाना किया जो शहर के शॉपरियान दरवाजे से होता हुआअंजुमनचौराहा ,धर्मादा चौराहे एवं प्रताप चौक से बड़ी सब्जी मंडी पहुंचा इस दौरान जुलूस में शामिल मुस्लिम समाज के लोगों ने नबी ए करीब हजरत मोहम्मद साहब की आमद पर नात-नज्म पढ़कर अपनी अकीदत का इजहार किया तत्पश्चात यहां देश में अमन और शांति की दुआ के साथ सलातो सलाम पढ़ा गया

मेला मेदान से रवाना हुए जुलूस में सबसे आगे मुस्लिम धर्मावलम्बी जश्ने ईद मिलादुन्नबी मुबारकबाद और कॉम के झंडा लहराते हुए चल रहे थे जुलूस में पूर्व पार्षद अख़लाक़अंसारी , व्कफ बोर्ड सदर इरफान अंसारी,. जोइअलिफअंसारी, इरफान अशरफी, पार्षद जाकिर मोहम्मद, पार्षद शरीफ रंगरेज, पार्षद अब्दुल अजीज ,सईद भाई डिस्क वाले , इकबाल नेता, कदीर मिर्जा, जफर इकबाल, मो. शफी,पूर्व पार्षद नियाज मोह., हाफिज अय्यूब रिजवी, हाफिज इंसाफ, हाफिज इरफान, अनवर हाशमी, राहिल हाशमी, समीर राइन, अखलाक अंसारी, रईसफैजी , रईसुद्दीन, आदि हज़ारों की संख्या में लोग जुलूस में शामिल रहे।

# झोटवाड़ा के मनियार मार्केट में ईद-मिलादुन्नबी जूलूस का हुआ गर्मजोशी से बेहतरीन इस्तकबाल

## पैगम्बर मोहम्मद ने पुरी दुनिया को दिया मानवता और शांति का सकारात्मक संदेश : पार्षद मोहम्मद शरीफ मनियार

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजधानी जयपुर झोटवाड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध चुड़ी मनियार मार्केट में ईद-मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर शांति, अमन भाईचारे के साथ जूलूस निकाला गया और दौरान नात शरीफ, सरकार की आमद मरहबा की सदा गुंज उठी इस मौके पर स्थानीय पार्षद और वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद शरीफ मनियार के नेतृत्व मनियार समाज और दुकानदारों ने उलेमाओं और जूलूस की सदारत कर रहे सदर सहित उपस्थित सभी अतिथियों का गर्मजोशी के माल्यार्पण कर जोरदार इस्तकबाल किया और जूलूस में शामिल सभी अकीदतमंदों के लिए पानी, शर्बत,काल्ड ड्रींक,फल फ्रूट आदि का भी मुकम्मल इंतजाम किया गया इस दौरान पार्षद मोहम्मद शरीफ मनियार ने बारावफात और ईद-मिलादुन्नबी पर रोशनी डालते हैं बताया कि हमारे नबी का नाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे व सल्लम है, जो पीर (सोमवार) के दिन, सुबह सादिक के वक्त (12) बारह रबीउल अव्वल, बमुताबिक बीस (23) अप्रैल 571 ईसवी, मुल्क अरब के शहर मक्का शरीफ में पैदा हुए। आपके वालिद का नाम हजरत अब्दुल्लाह और वालिदा का नाम हजरत आमेना है और दादा का नाम अब्दुल मुत्तलिब है और नाना का नाम वहब है। बचपन से लेकर जवानी तक पैगम्बर मोहम्मद साब ने इस तरह के काम किए कि लोग उन्हें सच्चा और अमीन कहते थे। उन्होंने लोगों को खुदा की बंदगी का पैगाम दिया। आज दुनिया के लोग अमन की तलाश में लगे हुए हैं। लेकिन उन्हें सुकून नहीं मिल रहा। यदि वे दुनिया में शांति चाहते हैं तो लोगो को रसूल वाली सहाबा वाली जिंदगी गुजारना होगी। क्योंकि कामयाबी नबी के तरीके में है हजरत मोहम्मद सल्लाहो अल्हीसल्लम ने पूरी दुनिया को अमन, शांति व भाईचारे का पैगाम दिया इस मौके पर मदरसों में सीरतुल नबी जलसे और जूलूसों का आयोजन किया जाता है।

### हजरत ख्वाजा हाजी सूफी बिस्मिल के खलीफा हजरत सूफी शाह याकूब अली आशिकी रह. का सालाना उर्स मुबारक आज

**चमकता राजस्थान। जयपुर/सीकर (खलील कुरैशी)।** हजरत ख्वाजा हाजी सूफी अब्दुल मजीद बिस्मिल रहबके खलीफा ए खास हजरत सूफी शाह मोहम्मद याकूब अली आशिकी बिस्मिल रह. का सालाना 26 वा उर्स मुबारक बड़ी अकीदत एहतराम के साथ नाहरी का नाका कब्रिस्तान जयपुर में 17 सितम्बर 2024 मंगलवार को मनाया जायेगा उर्स की सरपरस्ती खानकाहे बिस्मिल सीकर वाले पीर साहब के सज्जादा नशीन हजरत सूफी मोइनुद्दीन जिलानी साहब सीकर वाले करेंगेदरगाह के खादिमनसरफुद्दीन अली उर्स बबलू मिया आशिकी बिस्मिलके अनुसार सुबह 9 बजे कुरान खानी शाम 5 बजे कव्वाली के साथ मजारे अकदस पर चद्दर पेश होगी शाम 7 बजे लंगर पर नियाज़ होगी रात 9.55बजे महफिलें कव्वाली होगी दरगाह के पगड़ी बंद कव्वाल शहादत अली जयपुर, हाजी टिमू गुलफाम जयपुर , दीन मोहम्मद जयपुर और मोहम्मद इकबाल गुलाम हुसैन कादरी सीकर अपना सूफियाना कलाम पेश करेंगे सुबह 4 बजे कुल व रंग के साथ उर्स संपन्न होगा उर्स में हिंदोस्तान के कोने कोने से जायरीन व अकीदतमंद शिरकत करेंगे आए हुवे खुशुसी महमानो का इस्तकबाल किया जाएगा।

### शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रतिनिधिमंडल ने की राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शिष्टाचार मुलाकात



**चमकता राजस्थान। जयपुर( खलील कुरैशी)।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के 5 सदस्यप्रतिनिधिमंडल नें आज राजभवन मे राजस्थान की उच्च शिक्षा मे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन एवं टास्क फ़ोर्स के गठन को लेकर राज्यपाल हरीभाऊ किशनराव बागडे से शिष्टाचार भेंटवार्ता की। इस अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संजय स्वामी, राष्ट्रीय संयोजक पर्यावरण शिक्षा, चन्द्रशेखर कच्छावा राष्ट्रीय संयोजक इतिहास शिक्षा एवं क्षेत्र संयोजक, डॉ धर्मेंद्र यादव, संयोजक तकनीकी शिक्षा जोधपुर प्रांत, राजीव सक्सेना जयपुर प्रान्त अध्यक्ष, नितिन कासलीवाल प्रान्त संयोजक उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल नें चर्चा के दौरान राज्यपाल से कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में भारतीय ज्ञान दर्शन एवं सांस्कृतिक परंपरा के साथ जोड़ते हुए उच्च शिक्षा को पुनः भारतीय संस्कृति की मुख्यधारा से जोड़ना आवशयक हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्षय भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान केन्द्रित भारतीय मूल्यों से विकसित गुणवत्तापूर्ण उच्चतर शिक्षा उपलब्ध कराना है। यह भारत को वैश्विक ज्ञान की महाशक्ति बनाकर एक जीवंत और न्याय संगत समाज में बदलने के लिए प्रत्यक्ष रूप से सहयोग करेगी।

# डीजीपी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के निर्देशन में एसीबी निर्बाध रूप से करा रहा कानून के राज का इक़बाल बुलंद

चमकता राजस्थान

- एसीबी ने अलवर में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के भ्रष्ट अधिशासी अभियंता पर कसा कानूनी शिकंजा
- पी.एच.ई.डी. के अधिशासी अभियंता 1 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर! (खलील कुरैशी) 16 सितम्बर, सोमवार । ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की जयपुर नगर चतुर्थ इकाई द्वारा आज अलवर में कार्यवाही करते हुये दिव्यांक त्यागी अधिशासी अभियंता, खण्ड-एन.सी.आर. प्रथम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पी.एच.ई.डी.) अलवर को परिवादी से 1 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी. बी. की जयपुर नगर चतुर्थ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि निर्माण कार्यों के बकाया बिलों को पास करने की एवज में आरोपीदिव्यांकतयागीअधिशासी अभियंता, खण्ड-एन. सी.आर. प्रथम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पी.एच.ई.डी.) अलवर द्वारा परिवादी से 2 लाख रुपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रवि के सुपरवीजन में एसीबी की जयपुर नगर चतुर्थ इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलराम मीणा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज पुलिस निरीक्षक मूलचंद द्वारा मय टीम के ट्रेप अलवर में कार्यवाही करते हुए आरोपी दिव्यांक त्यागी अधिशासी अभियंता, खण्ड-एन.सी.आर. प्रथम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पी.एच.ई.डी.) अलवर को परिवादी से 1 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी द्वारा शिकायत से पूर्व भी परिवादी से 1 लाख रुपये रिश्वत के रूप में वसूल किये जा चुके थे।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं Whatsapp हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24x7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

# शासन सचिव पशुपालन ने किया पांच बत्ती स्थित बहुद्देशीय पशु चिकित्सालय का निरीक्षण

चमकता राजस्थान

## दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

जयपुर!(खलील कुरैशी) 16 सितंबर। डॉ समित शर्मा, शासन सचिव पशुपालन ने सोमवार को जयपुर के पांच बत्ती स्थित बहुद्देशीय पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया। डॉ शर्मा ने चिकित्सालय में उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवा और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने ओपीडी सेवाओं की समीक्षा करते हुए दैनिक चार्ट के समुचित दस्तावेजीकरण और कर्मचारियों तथा बीमार पशुओं के लिए सुविधाओं को अपडेट रखने के निर्देश दिए। शासन सचिव ने निर्देश दिया कि टीकाकरण कार्यक्रमों की समयबद्धता सुनिश्चित हो जिससे पशुओं को टीकाकरण की कमी से होने वाले रोगों से बचाया जा सके। शासन सचिव ने चिकित्सालय में उपलब्ध विभिन्न प्रकार की जांच सुविधाओं का भी जायजा लिया और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि इनके लिए प्रयुक्त होने वाले उपकरण आधुनिक तकनीकी से लैस हो जिससे रोगों की जांच और निदान समय पर और सटीक तरीके से हो सके। डॉ शर्मा ने पशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए चिकित्सालय में विशेषज्ञों की तैनाती और दवाओं की नियमित रूप से आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए



## आम सूचना

**चमकता राजस्थान/ जयपुर (खलील कुरैशी)** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार फसीहउद्दीन पुत्र बशीरूद्दीन निवासी मकान नम्बर–999/4 दूदू हाउस रामगंज जयपुर द्वारा अब्दुल नसीर पुत्र ज़हीरूद्दीन निवासी मकान नम्बर– 853 काजी का चौक बिसाईतियों का मुहल्ला चौकडी घाटदरवाजा जयपुर से मकान नम्बर 1373–1375 निवाई मेहंत का रास्ता चौकड़ी घटदरवाजा रामगंज बाजार जयपुर पर हो रहे निमार्ण बाबत इकरानामा बाबत साझेदारी दिनांक 7–12–2023 कर रखा है तथा सम्पत्ती पर जो भी निमार्ण हो रहा है मेरे पक्षकार फसीहउद्दीन व अब्दुल नसीर की साझेदारी में हो रहा है। उक्त भूखण्ड पर प्रथम मंजिल व उसके उपर होने वाली समस्त मंजिलो के निमार्ण में मेरे पक्षकार की 50 प्रतिशत की भागीदारी है उक्त सम्पत्ती में कोई भी भाग कोई भी व्यक्ति खरीद करता है तो वह सर्व प्रथम मेरे पक्षकार से सहमती प्राप्त कर खरीद करे। क्योकि उक्त सम्पत्ती में 50 प्रतिशत की भागीदारी मेरे पक्षकार की है। सूचित रहें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929